परिवर्तन दूत



# पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल संपन्न

## अभ्यर्थियों ने रेलवे स्टेशन, बस अड्डो, सड़कों गुजारी रात, सेंट्रल स्टेशन पर चलने की जगह नहीं

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन कानपुर के एक भी सेंटर पर कोई सॉल्वर या सेंधमारी करते नहीं पकड़ा गया। पहले दिन पुलिस और एसटीएफ की सख्ती देखकर परीक्षा में सेंधमारी करने की कोशिश करने वाले भाग खड़े हुए। पहली पाली की परीक्षा शांतिपूर्वक हो गई। दूसरी पाली की परीक्षा के लिए कानपुर के 110 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा छूटने के बाद बस अड्डे और रेलवे स्टेशन पर छात्रों को ट्रेन पकड़ने में पसीने छूट गए।





कानपुर के 110 केंद्रों पर दूसरे दिन रविवार को यूपी पुलिस परीक्षा चली। इसमें करीब 1 लाख 12 हजार अभ्यर्थियों को शामिल हुए। देर रात से कानपुर सेंट्रल स्टेशन और बस अड्डे पर हजारों की संख्या में अभ्यर्थी पहुंच गए। हालात ये हो गए कि बस अड्डे और रेलवे स्टेशन पर पैर रखने तक की जगह नहीं बची। गिरते-पड़ते अभ्यर्थी अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचे तो कइयों की अव्यवस्था के चलते परीक्षा छूट गई।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि कानपुर के 110 सेंटर्स पर कड़ी सुरक्षा में पुलिस भर्ती परीक्षा चल रही है। प्रत्येक केंद्र पर कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा चल रही है। अभ्यर्थियों की जांच पड़ताल के बाद प्रवेश दिया जा रहा है।

यहां तक की मेटल डिटेक्टर से एक-एक अभ्यर्थी की चेकिंग की जा रही है। इससे अगर अभ्यर्थी के पास कोई डिवाइस भी होगी तो वह पकड़ जाएगा। परीक्षा में किसी भी तरह से सेंधमारी की कोशिश करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया जाएगा। पहली पाली की परीक्षा छूटने के बाद कानपुर सेंट्रल स्टेशन और झकरकटी बस अड्डे पर हजारों की संख्या में अभ्यर्थी पहुंच गए। टाटमिल से लेकर अफीमकोठी तक भीषण जाम लग गया। उधर रेलवे स्टेशन और बस अड्डे पर इतनी भीड़ हो गई कि पैर रखने तक की जगह नहीं बची। दोपहर बाद भी स्टेशन पर भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही थी। परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को ट्रेन और बस पकड़ने में पसीने छूट गए। कानपुर सेंट्रल स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों का आलम यह रहा कि स्लीपर और एसी कूपों पर भी अभ्यर्थियों का कब्जा हो गया। जिन लोगों को रिजर्वेशन था वह ट्रेन के पास तक पहुंच नहीं सके।कई परिवार तो सेंट्रल स्टेशन पर भीड़ देखकर ही लौट गए। आम आदमी को पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले और दूसरे दिन ट्रेन में चढ़ने की तो बात छोड़िए प्लेटफॉर्म तक पहुंचने की जगह नहीं मिली। रेलवे की पूरी व्यवस्था बेपटरी हो गई।

कानपुर सेंट्रल स्टेशन में शनिवार को जब पुलिस भर्ती परीक्षा खत्म होने के बाद लोग अपने घरों को जाने के लिए सेंट्रल स्टेशन पहुंचे तो उन्हें बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ा। सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म की स्थिति दिखाई दी कि लोग दो कदम भी चलने के लिए इधर-उधर मुड़ रहे थे। सेंट्रल स्टेशन पर सोते हुए यात्री कि यह दशा दिखाई दी। कि ऐसे अभ्यर्थी जो अपने घरों से दो दिन पहले निकले थे और जब वह परीक्षा देकर वापस लौटे और उन्हें ट्रेन में घुसने तक जगह नहीं मिली तो ऐसे में कुछ अभ्यर्थी सीडीओ पर ही जैसे तैसे बदहवास सोते नजर आए।

उधर, अयोध्या जिले में यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा अयोध्या में दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो रही है। पहली पाली में परीक्षा शुरू हो गई है। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ सभी तरह की व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रहीं। जनपद में 38 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। चल रही है। दो दिवसीय परीक्षा के लिए अयोध्या में 75648 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। पहले दिन शनिवार को पहली पाली में 95.78 और दूसरी पाली में 95.57 प्रतिशत उपस्थित रहे। प्रथम पाली में 18912 पंजीकृत में से 18113 उपस्थित रहे थे, जबकि 799 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 18912 पंजीकृत में से 18075 उपस्थित और 837 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे थे।

वहीं अमेठी में पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंतिम दिन की जिले के आठ परीक्षा केंद्र पर दो पालियों में आज परीक्षा को संपन्न कराया गया। इनमें परीक्षा के अंतिम दिन प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तो दूसरी पाली कि परीक्षा 3 बजे से पांच बजे तक होगी।पहले दिन की परीक्षा जिले में शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। यूपी पुलिस की परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे । अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया। इसके साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट जोंनल मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई जो परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के लिए परीक्षा केंद्र पर भ्रमणशील रहे। बायोमेट्रिक चेकिंग अभियान के साथ-साथ सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर जाने की अनुमति दी गई। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरें लगाये गये थे। उत्तर प्रदेश पुलिस की परीक्षा निर्बाध रूप से संपन्न हो सके इसके लिए डीएम निशा अनंत और एसपी डॉक्टर इलामारन अधिकतर परीक्षा केंद्रों पर जाकर निरीक्षण कर रहे।

## घर में रखे तेल के ड्रमों में लगी आग, पांच लोग जख्मी

**रायबरेली।** जिले में घर में रखे तारपीन के तेल के ड्रम में भीषण आग लग गई। आग लगने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। बता दें कि मौके पर मौजूद 4 से 5 लोग गंभीर रूप से आग की चपेट में आकर झुलस गए। जिन्हें आसपास के लोग लेकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां पर हालात गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। सूचना पर पहुंची फायर विकेट की पांच गाड़ियों ने कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के तिलिया कोट मोहल्ले का है। जहां मोहम्मद तालिब के घर में रखे तारपीन के तेल के ड्रमों में अचानक आग लग गई। देखते देखते आग में विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने से पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां तीन युवकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक पूरा घर जलकर राख हो चुका था।

## आग से तबाह हुई गृहस्थी

**सुलतानपुर।** जिले में कुड़वार थानाक्षेत्र के उतमानपुर में बीती रात अज्ञात कारणों से एक घर में आग लग गई। 75 हजार रुपए कैश के साथ घर-गृहस्थी का सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू किया है। पुलिस जहां मामले की जांच कर रही वही राजस्व टीम ने क्षति का आंकलन किया है। कुड़वार थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत भगवानपुर अंतर्गत उतमानपुर निवासी रामकृपाल यादव पुत्र रामरतन यादव के घर पर बीती रात करीब दो बजे के आसपास संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की लपटें उठी तो परिवार वाले छप्परनुमा आवासीय मकान से निकलकर भागे और जान बचाई तब तक आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड टीम को दिया। सूचना मिलते ही फायर टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया था।

## प्रतापगढ़ में एक सॉल्वर गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस भर्ती परीक्षा में सॉल्वर पकड़ा गया। अरविंद की जगह रमेश परीक्षा दे रहा था।कालेज प्रशासन ने सत्यापन के दौरान युवक को पकड़ा। पुलिस ने मुन्ना भाई को गिरफ्तार कर लिया है। प्रिंसिपल की शिकायत पर पट्टी कोतवाली में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बिहार राज्य का रमेश रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान दूसरे परीक्षार्थी की जगह परीक्षा देने के लिए रमेश कॉलेज में बैठ गया। जब रमेश के डॉक्यूमेंट का सत्यापन कराया जाने लगा तो फेस और फिंगरप्रिंट उसके मैच नहीं हुए। कॉलेज प्रशासन को शक हुआ तो उन्होंने जांच तेज करते हुए पूछताछ की तो रमेश टूट गया, इसके बाद पुलिस ने रमेश को गिरफ्तार कर लिया। वहीं प्रिंसिपल की शिकायत पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## अमेठी में हो सकता है स्मृति ईरानी-राहुल गांधी का सामना

### बाबूगंज में होगी राहुल की सभा

#### यात्रा में प्रियंका भी शामिल रहेंगी

**अमेठी।** लोकसभा चुनाव के पहले अमेठी में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। एक तरफ जहां अमेठी के पूर्व सांसद भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ लंबे समय बाद अमेठी आ रहे हैं। वहीं केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी भी सोमवार से चार दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी में रहेंगी।




पूर्व सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कल दोपहर बाद अमेठी पहुंचेगी। राहुल की यात्रा में प्रियंका गांधी के शामिल होने की भी संभावना है। ककवा मार्ग से होते हुए राहुल गांधी अमेठी कस्बे के गांधी चौक पहुंचेंगे, जहां से वह सगरा तिराहे पर अपने पिता स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पैदल यात्रा करते हुए देवीपाटन मंदिर तक जाएंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और स्थानीय लोगों द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। अमेठी के पूर्व सांसद राहुल गांधी कल भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ अमेठी पहुंचेंगे। करीब 2 बजे राहुल गांधी अमेठी कस्बे के ककवा रोड पर स्थित पुलिस लाइन के पास पहुंचेंगे, जहां से वह पैदल यात्रा करते हुए ओवरब्रिज के रास्ते अमेठी कस्बे के गांधी चौक आएंगे।

### चार दिन रहेंगी स्मृति, विभिन्न कार्यक्रमों लेंगी भाग



**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी भी सोमवार से चार दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी आज अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी आ रही हैं। जहां वह संसदीय क्षेत्र के अलग-अलग गांव में जन संवाद विकास यात्रा कार्यक्रम में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश देगी। इसके साथ ही आम जनता से विभिन्न समस्याओं को लेकर संवाद भी करेगी। दौरे के अंतिम दिन सांसद स्मृति ईरानी 22 फरवरी को गौरीगंज के मेदन मवई गांव में नए घर में गृह प्रवेश करेंगी। गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हजारों लोगों को निमंत्रण पत्र बांटा जा रहा है। गृह प्रवेश के दिन एक भोज का भी आयोजन किया गया है। जिसमें 20 हजार लोगों के शामिल होने का अनुमान है। फिलहाल दोनों नेताओं के अमेठी आने के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। राहुल गांधी के कार्यक्रम को सफल बनाने के किये कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

## ऐतिहासिक होगी यात्रा–प्रमोद

### प्रतामगढ़ में न्याय यात्रा भव्य स्वागत की तैयारी

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर प्रियंका गांधी के साथ सोमवार सुबह प्रयागराज सीमा से प्रतापगढ़ में दाखिल होंगे। कार्यकर्ता जिले की सीमा पर उनका स्वागत करेंगे। सुबह 8:40 बजे भंगवा चुंगी से चौक, आंबेडकर चौराहा होते हुए उनकी यात्रा लालगंज की ओर जाएगी। वहां से वह सांगीपुर होते हुए अमेठी जाएंगे। यात्रा के स्वागत को लेकर कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हैं। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर प्रियंका गांधी के साथ पहली बार शहर में होंगे। न्याय यात्रा शहर में भंगवा चुंगी की ओर से प्रवेश करने के बाद चौक से आंबेडकर चौराहा होते हुए सिटी कस्बा, मोहनगंज की ओर से लालगंज जाएगी। सांगीपुर में अपरान्ह 1 बजे कार्यकर्ताओं के साथ भोजन करने के बाद यात्रा अमेठी के लिए प्रस्थान करेगी। पार्टी कार्यकर्ता राहुल गांधी के शहर आगमन पर अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने के लिए प्रयासरत हैं। सांसद प्रमोद तिवारी ने आज सांगीपुर और लालगंज में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। कहा कि 19 फरवरी को रामपुरखास पहुंच रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगी। बैठक में भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लॉक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, सांगीपुर ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंहू, चेयरपर्सन संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, छोटेलाल, सुधाकर, अमिताभा, केडी मिश्र, राजेश, द्दगपाल यादव, सुनील, महमूद आलम, सोनू आदि मौजूद रहे।

## घर के पीछे मिला मासूम का शव

**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर में छह साल के मासूम का शव घर के पीछे तालाब में छटवें दिन मिला है। बच्चे की लाश मिलने से जहां क्षेत्र में हड़कंप मच गया है वहीं परिवार में कोहराम मचा है। उसका बांया पंजा गायब है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। घटना लंभुआ कोतवाली अंतर्गत मदनपुर पनियार छंगेपुर गांव की है। छंगेपुर गांव निवासी ओमप्रकाश का 6 वर्षीय पुत्र रणवीर छह दिन पूर्व (12 फरवरी) घर से गायब हो गया। परिवार वालों ने काफी खोजबीन की जब कुछ पता नहीं चला तो कोतवाली लंभुआ में शिकायत की। जहां 13 फरवरी को पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है। रविवार को पीड़ित के घर के पीछे तालाब से बदबू उठी तो लोगों ने वहां जाकर देखा तो बच्चे का शव तालाब में पड़ा था।

## संक्षिप्त खबरे...

### ई-रिक्शा पलटने से मासूम की मौत

**हरदोई।** जिले में ई-रिक्शा अनियंत्रित हो जाने से एक 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वहीं उसका भाई भी बुरी तरह जख्मी हुआ है, जिसको हरदोई के मेडिकल कालेज भेजा गया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तड़ेर में ई-रिक्शा के अनियंत्रित होकर पलट जाने से सात वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि मृतक का पांच वर्षीय छोटा भाई घायल हो गया। ग्राम तड़ेर निवासी प्रतिपाल कृषि का कार्य करते हैं। वह ई रिक्शा लेकर खेत पर फसल में पानी लगाने गया था। शाम को रिक्शे पर पाइप, पंपिंग सेट और अन्य सामान लेकर वह घर आकर सामान उतार रहा था तभी उसके 7 वर्षीय पुत्र विमल ने रिक्शे का एक्सीलेटर खींच दिया, जिससे रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में पलट गया। रिक्शा पलटने से विमल की मौके पर मौत हो गई।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**हरदोई।** जनपद के थाना टड़ियावां क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितिमें 18 वर्षीय युवक ने बेल्ट से फांसी लगाकर जान दे दी है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना टड़ियावां क्षेत्र के गांव कनकोहरी पुरवा मजरा नारायणपुर ग्रंट निवासी बालक राम रैदास का 18 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार ने बीती रविवार की रात बेल्ट से गांव के बाहर बबूल के पेड़ में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।ग्रामीणों के मुताबिक शनिवार की शाम को वह काफी शराब पिए था। जिसको लेकर भाई ने उसे डांट दिया। इसी डांट से क्षुब्ध होकर देर रात उसने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था।

### घर में बेड पर मिला युवक का शव

**हरदोई।** हरदोई में सांडी थाना क्षेत्र के एक गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव घर के अंदर बेड पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सांडी थाना क्षेत्र के बंजारन पुरवा गांव निवासी 22 वर्षीय लईक पुत्र अतीक का घर के अंदर बेड पर शव पड़ा मिला। मामले की जानकारी परिजनों को मिलते ही हड़कंप मच गया। भाई ने आनन-फानन में मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### जमीन के विवाद में युवक को किया अधमरा

**रायबरेली।** रास्ते के विवाद में दबंगों ने युवक पर लाठी डंडे से जानलेवा हमला बोल दिया है। इसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आसपास के लोगों ने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज पहुंचाया। यहां पर हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में युवक का इलाज चल रहा है। पूरा मामला महाराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कोड़री लालगंज गांव का है। रास्ते पर अवैध कब्जे की शिकायत करना युवक को भारी पड़ गया। अवैध कब्जे की शिकायत से नाराज आधा दर्जन दबंगों ने विजय को गांव में दौड़ा-दौड़ा कर जमकर पीटा। दबंगों के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। लोगों की मदद से घायल को स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

## लाखों भक्तों ने किया रामलला का दर्शन

### देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचे रामनगरी

**अयोध्या।** अयोध्या वीकेंड पर हाउस फुल है। राम नगरी में देश के विभिन्न राज्यों के साथ विदेशों से भी रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रविवार सुबह से ही भक्त हनुमानगढ़ी, राम जन्मभूमि, नागेश्वर नाथ, कनकभवन समेत विभिन्न मंदिरों में दर्शन पूजन कर रहे है।रामनगरी में आने वाले श्रद्धालु जय श्रीराम का उद्घोष कर माहौल को राममय बना रहे है। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए करीब एक किलोमीटर लंबी श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश दुनिया से हर रोज रामनगरी पहुंच रहे हैं। करीब 2 लाख से अधिक श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन पूजन कर रहे हैं। हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि समेत विभिन्न मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ भी लगी हुई है। मंदिरों के बाहर श्रद्धालु सुबह से ही लाइनों में लगकर अपने इष्ट का दर्शन पूजन कर रहे हैं। भक्ति पथ में पैर रखने की जगह नहीं है। इस पथ पर ही हनुमानगढ़ी, कनक भवन और दशरथ महल हैं। श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ हनुमानगढ़ी पर है। यहां एक किमी. लंबी लाइन लगी हुई है। हालांकि, इतनी भीड़ के बावजूद एक घंटे में हनुमानगढ़ी में दर्शन हो रहे हैं। जगह-जगह फोर्स तैनात हैं, जो श्रद्धालुओं को गाइड कर रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए रेलवे स्टेशनों पर पुलिस फोर्स तैनात रही तथा रेल अधिकारियों, कर्मचारियों एवं रोडवेज के अफसरों ने सत्कार के साथ स्वागत करके ई- बसों से गंतव्य को रवाना किया।



## तेंदुए के हमले में किसान घायल

**सीतापुर।** जिले में बीती देर रात खेतों की रखवाली करने गए किसान पर जंगली जानवर ने जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया। ग्रामीणों सहित वन विभाग के अफसरों की माने तो युवक पर हमले करने वाला तेंदुआ बताया जा रहा है। हमले के दौरान तेंदुआ किसान को करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। ग्रामीणों की आहट पाकर तेंदुआ किसान को छोड़कर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने घायल किसान को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मामला महोली कोतवाली इलाके का है। यहां के ग्राम श्याम जीरा के मजरा कटघरा निवासी किसान नरेश बीती देर रात गांव के बाहर खेतों में बोई आलू की फसल को देखने के लिए गया था।

## अवध विश्वविद्यालय को 100 करोड़ का अनुदान

**अयोध्या।** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत 100 करोड़ रुपए का अनुदान मिला है। भारत सरकार उच्च शिक्षा विभाग ने इस अनुदान विश्वविद्यालय को दिया है। उत्तर प्रदेश के छह विश्वविद्यालयों को मिलने वाले अनुदान में अवध विश्वविद्यालय प्रथम स्थान पर रहा है। भारत सरकार उच्च शिक्षा विभाग विश्वविद्यालयों को मल्टी डिसप्लेनरी एजुकेशन रिचर्स यूनिवर्सिटी योजना के तहत इस अनुदान को दिया है। इससे विश्वविद्यालय के इंफ्रास्टक्चर, डेवलपमेंट, रिनोवेशन, रिसर्च में बढ़ोत्तरी होगी। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार ने 100 करोड़ की धनराशि विश्वविद्यालय के इंफ्रास्टक्चर, डेवलपमेंट, रिनोवेशन, रिसर्च व विभिन्न प्रकार के ट्रेनिंग प्रोग्राम सहित अन्य अकादमिक कार्यों के लिए किया जायेगा। विश्वविद्यालय को मिली इस उपलब्धि पर कुलपति ने विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।,

आईक्यूएसी प्रकोष्ठ की ओर से प्रस्ताव तैयार

## कलाकृतियों से चमकेगा बाराबंकी शहर, बनायी जा रही दीवारों चित्र

### डीएम ने वॉल पर ब्रश चलाकर की शुरूआत

**बाराबंकी।** शहर को सुंदर बनाने के लिए नवाबगंज नगर पालिका द्वारा पेंट माई सिटी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहर के सभी सरकारी बिल्डिंग के वॉल को पेंट करके आकर्षक बनाया जाएगा। आज बाराबंकी डीएम सत्येंद्र कुमार बाराबंकी शहर के केडी सिंह बाबू स्टेडियम पहुंचे और वहां पर उन्होंने वॉल पेंट करके अभियान की शुरूआत की। डीएम ने बताया कि इस अभियान में जो भी कंटिन्यू करना चाह रहा है उसका स्वागत है, इसमें जो भी रिक्वायरमेंट है उसको नगर पालिका पूरा करवाएगा।

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि बाराबंकी शहर में हमारे जितने भी सरकारी प्रतिष्ठान हैं, इनमें स्टेडियम हो, जीआईसी हो, सरकारी हॉस्पिटल हो या फिर कॉलेज हो इनकी वॉल सड़क से आते जाते सुंदर नहीं दिखती है, इनको नगर पालिका द्वारा पेंट माई सिटी के तहत पेंट करके ब्यूटीफुल कराएगा। आज हम लोग स्टेडियम में देख रहे हैं यहां की जो इंटरनल वॉल है उसको पेंट किया जा रहा है। इस पेंटिंग में देश के जितने भी बड़े खिलाड़ी हैं, क्रिकेट हो, फुटबॉल हो या हॉकी से हो उनके चित्र और संबंधित चीजों को पेंट कर रहे हैं। डीएम ने आगे बताया कि शहर के जितने भी सरकारी संस्थान हैं, उनकी सभी वॉल को पेंट करके सुंदर बनाया जाएगा। इस अभियान को नाम दिया गया है पेंट माई सिटी।



## यूपी में पांच दिन भारी बारिश की चेतावनी

### 13 शहरों में गिर सकते हैं ओले, तेज चलने लगी है हवा

**कानपुर।** फरवरी महीने में तीसरी बार मौसम करवट लेगा। रविवार को अधिकांश जिलों मं बादल छाये रहे। 10 से 10 किलोमीटर प्रति घंटा हवा चल रही थी। सोमवार से अगले 5 दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट है। पश्चिमी यूपी से बारिश की शुरूआत होगी और पूर्वी यूपी के जिलों तक इसका असर रहेगा। आज से तेज हवाएं चलनी शुरू हो गई हैं। वहीं, प्रदेश में कानपुर सबसे ठंड शहर रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।



मौसम विभाग के मुताबिक, ताजा पश्चिमी विक्षोभ आने से 23 फरवरी तक प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश होगी। वहीं 20 फरवरी को पश्चिमी यूपी के 13 जिलों में ओला गिरने के भी आसार हैं। सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम विज्ञानी डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया, 19 से 23 फरवरी तक यूपी के अलग-अलग हिस्सों में बारिश और तेज हवाएं चलेंगी। किसानों को सलाह दी गई है कि खेतों में फिलहाल अभी कोई सिंचाई न करें। बारिश से खेतों में पानी की कोई कमी नहीं होगी।

आगरा, अलीगढ़, अमरोहा, बदायूं, बागपत, बरेली, बिजनौर, बुलंदशहर, एटा, फिरोजाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, हाथरस, कासगंज, मैनपुरी, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फर नगर, रामपुर, सहारनपुर, संभल और शामली जिलो में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

प्रदेश में कड़ी धूप निकलने की वजह से तापमान तेजी से बढ़ने लगा है। शनिवार को प्रदेश में बहराइच सबसे गर्म शहर रहा, यहां 28.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान की बात करें तो कानपुर में 8.4 डिग्री रहा, जो प्रदेश में सबसे कम रहा। हवा की औसत गति 2.2 किमी. प्रति घंटा रही। वहीं सुबह और रात की गुलाबी ठंड अभी बनी रहेगी।

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, तापमान के उतार-चढ़ाव का फसलों पर असर पड़ना शुरू हो गया। खासकर चना और सरसों की फसल प्रभावित होने लगी है। चना में फली छेदक कीट लगने लगा तो सरसों में माहू की समस्या शुरू हो गई है। अगर तापमान में ऐसा ही उतार-चढ़ाव बना रहा तो सरसों सर्वाधिक प्रभावित हो सकती है। आलू और टमाटर अभी भी खेतों में हैं। उसमें झुलसा रोग लगने के आसार हैं।

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया, चने की फसल में फली छेदक कीट पनपने लगा है। मौसम के बदलाव का असर इसमें दिखने लगा है। सीएसए के फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार सिंह के मुताबिक, इससे बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। चने की फसल में फली छेदक कीट का नियंत्रण समय पर नहीं किया जाता है, तो पैदावार में लगभग 50 से 60% तक का नुकसान हो जाता है।

# बिना मुआवजा दिये किसानो के जमीन पर कोई कार्यवाही न करने पर सहमति

## जिलाधिकारी ने ट्रान्सपोर्ट नगर किसानो के प्रतिनिधिमंडल संग की बैठक

परिवर्तन दूत

**रोहनियां वाराणसी (प.सं.)।** मोहनसराय किसान संघर्ष समिति के मुख्य संरक्षक विनय शंकर राय "मुन्ना" के नेतृत्व में किसानो का प्रतिनिधिमंडल सुबह दस बजे जिलाधिकारी एसराज लिंगम की अध्यक्षता मे विकास प्राधिकरण अधिकारियो संग बैठक की जो लगभग तीन घण्टा चली। जिलाधिकारी ने कहा कि चूकि मा.उच्च न्यायालय इलाहाबाद और .सर्वोच्च न्यायालय मे मुकदमा विचाराधीन है इसलिये हम लोग कोई निर्णय नही ले सकते है,जो मा.न्यायालय का आदेश होगा उसके तहत ही कार्यवाही होगी इस मुद्दे पर किसान नेता विनय राय ने कहा कि किसान भी वैधानिक अधिकार के



लिये ही आपके यहा आते हैं या न्यायालय मे गये हैं।आप उच्च न्यायालय का हवाला दे रहे है तो उसका पालन प्रशासन करे किसान स्वागत करेंगे लेकिन मा.उच्च न्यायालय के मुकदमा संख्या 36353/2023 मे स्थगन आदेश के बावजूद बैरवन के आराजी नंबर 96,97,101,102,103 पर किसानो की जमीन न एवार्ड हुई है न मुआवजा मिले हैं उनके जमीनो पर कब्जे की कार्यवाही और परिसम्पत्तियो के नीलामी की प्रक्रिया पर विराम लगाते हुये दोषियो पर कार्यवाही होनी चाहिए। प्रतिनिधि मंडल की पूरी बात सुनने के बाद जिलाधिकारी एस.राज लिंगम और विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निष्पक्ष जांच करा कर उचित कार्यवाही का भरोसा दिया तथा उक्त दोनो अधिकारियो ने न्यायालय के आदेश तक बिना मुआवजा लिये किसानो के जमीन पर कोई कार्यवाही नहीं करने का आश्वासन दिया।


जिलाधिकारी वाराणसी ,विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष और विकास प्राधिकरण सचिव ने किसानो से सौहार्दपूर्ण तरीके से वार्ता करते हुये कहा कि किसानो के साथ पूरा न्याय हो इसके लिये हम आप लोगो से अब अधिकारी लगातार सीधा संवाद करेंगे,किसानो ने विकास प्राधिकरण तहसीलदार के दुर्व्यवहार की शिकायत करते हुये कहा कि इनको मौके पर मत भेजिये क्योंकि ये किसानो को प्रताड़ित करते है जिससे किसी भी दिन बवाल हो जायेगा इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुये विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने कहा कि अब कोई शिकायत नहीं होने देंगे क्योंकि हम भी किसान के बेटे हैं।किसानो ने कहा कि हम लोग अपेक्षा करते है कि आप लोग जो वादा किये है उसको धरातल पर लाएंगे। उसके बाद किसानो को भरोसा हो जायेगा जिसके आधार पर किसान और प्रशासन वैधानिक प्रक्रिया के तहत कानून के दायरे मे ट्रान्सपोर्ट नगर योजना का निस्तारण करेंगे अन्यथा किसान वैधानिक हक अधिकार के लिये निर्णायक अन्दोलन के लिये बाध्य होगा जिसकी कुल जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। प्रतिनिधिमंडल मे मुख्य रूप से विजय नारायण वर्मा, लाला बिहारी पटेल, उदय प्रताप पटेल, मनोज वर्मा, संजय पटेल, उदयभान पटेल शामिल थे।

# पुलिस भर्ती परीक्षार्थियों को मिला सादा प्रश्नपत्र

## छात्रों का केंद्र पर हंगामा, बोर्ड ने संज्ञान लेकर मांगी आपत्ति

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (प.सं.)।** वाराणसी में रविवार को पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन एक केंद्र पर बोर्ड के लिफाफे से बिना छपे प्रश्नपत्र निकले। द्वितीय पाली में इन प्रश्नपत्रों में आगे और पीछे तो प्रश्नपत्र छपे थे लेकिन अंदर के पेज खाली थी। अंदर के चार पेज पर कहीं चंद सवाल थे तो किसी में पूरी ही प्रिंटिंग गायब थी। केंद्र पर परीक्षार्थियों ने सादा पेपर मिलने पर हंगामा किया तो अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने पुलिस भर्ती को परीक्षा के सादे प्रश्नपत्र की जानकारी दी, इसके बाद उस केंद्र के अभ्यर्थियों को आश्वासन देकर शांत कराया गया। हालांकि सभी अभ्यर्थी पूरे समय अपने कक्ष में रहे और बाद में बाहर निकलने पर भी हंगामा किया। वाराणसी के 131 केंद्रों पर 17-18 दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा का



आयोजन किया गया। कड़ी सुरक्षा और पुख्ता इंतजाम होने के बावजूद परीक्षा में कई सॉल्वर पकड़े गए, कई जगह पर परीक्षा से पहले ही कुछ संदिग्धों से सामग्री लेकर पूछताछ की गई। परीक्षा के दौरान रविवार को शहर के एक केंद्र पर प्रश्नपत्र का लिफाफा खोलने पर उसमें सादे प्रश्नपत्र निकले। निर्धारित समय होने के चलते वही प्रश्नपत्र बांट दिया गया, जब अभ्यर्थियों के हाथ में पहुंचा तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद कुछ अभ्यर्थी बाहर जाने लगे जिन्हें सुरक्षा बलों ने रोका। केंद्र व्यवस्थापक की ओर से जिला कंट्रोल रूम और पुलिस अधिकारियों को मामले से अवगत कराया गया। इसके बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी केंद्र पर पहुंचे और प्रश्नपत्र का अवलोकन किया। जांच में पता चला कि किसी में दो तो किसी में चार पेज पर छपाई नहीं थी। इसके बाद पुलिस भर्ती बोर्ड को पूरी जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त खबरे...

### लालपुर फिडर से आज छह घंटे बाधित रहेगी बिजली

**वाराणसी(परिवर्तन दूत)।** मिजार्मुराद क्षेत्र के लालपुर फीडर से सोमवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। लालपुर फीडर क्षेत्र मे तारों की मरम्मत के लिए करीब 6 घंटे तक बिजली गुल रहेगी। इसकी जानकारी बिजली विभाग के जेई दीपू कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि लालपुर फीडर अंतर्गत दर्जनों गांव आते हैं। जहां आज सोमवार व कल मंगलवार की सुबह से शाम तक 6 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### ‘विकसित भारत 2047’ के भाषण प्रतियोगिता में युवाओं ने लिया हिस्सा




**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य व जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने वाराणसी जनपद के उत्कृष्ट मेधावी व नेहरु युवा केन्द्र द्वारा आयोजित विषय ‘विकसित भारत 2047’ के भाषण प्रतियोगिता मे सफल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश जिस प्रकार से बदल रहा है और विगत 10 सालो से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की गाथा लिख रहा है। कहा कि 2047 तक देश अमेरिका, चीन व रुस जैसे विकसित राष्ट्र की अगली पंक्ति मे खड़ा दिखेगा। आज जिस तरह से सड़को, रेलवे रोडवेज स्कूल आदि की कायाकल्प हो रहा है, आने वाले समय मे भारत तरक्की का एक नया आयाम लिखेगा। भाषण प्रतियोगिता में ज्यूरी मेंबर के रूप में जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र पाल, वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवक लियाकत अली, राहुल सिंह निदेशक, पूर्व जिला विकास अधिकारी डॉ दयाराम विश्वकर्मा और आश्वनी त्रिपाठी ने निर्णायक के रूप में अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में चार जनपदों के वाराणसी, चंदौली, मिजार्पुर और सोनभद्र जनपद के युवाओं ने हिस्सा लिया। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी प्रतीक शाहू ने ज्यूरी मेंबरों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वही प्रतियोगिता में वाराणसी से रतन कुमार प्रथम, आदित्य शंकर मिश्रा द्वितीय, चंदौली से शिवम राय प्रथम, अमिश कुमार द्वितीय, सोनभद्र से अर्पित देव पांडेय प्रथम, कुमारी आशा द्वितीय, मिजार्पुर से दिपाशु प्रथम और आंचल यादव द्वितीय रहीं। उप निदेशक अनिल कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। नेहरू युवा केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

### इटली की कंपनी ने वाराणसी में किया निवेश

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** वाराणसी में विदेशी निवेश के साथ पूर्वांचल के नई औद्योगिक क्रांति का नया युग सोमवार को शुरू होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ में सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का उद्घाटन करेंगे। वाराणसी में निवेश करने वाले में 10 करोड़ से अधिक के 83 निवेशक लखनऊ और 10 करोड़ से कम का निवेश करने वाले 47 निवेशक वाराणसी में हिस्सा लेंगे। वाराणसी में 14 विभागों में 15358.81 करोड़ का निवेश धरातल पर उतरा है। सबसे ज्यादा 7165.81करोड़ का पर्यटन विभाग का प्रोजेक्ट धरातल पर उतरा। वहीं सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला विभाग यूपी स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट अथॉरिटी है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनी के पहले ही टेक्क्निल एजुकेशन की सबसे अधिक 10 परियोजनाएं चालू हो चुकी हैं। जीबीसी के पहले 1021 करोड़ के निवेश वाले विभिन्न सेक्टर के 33 प्रोजेक्ट शुरू हो चुके हैं, जो 2678 लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। वाराणसी में इटली की निवेश वाली टेसिओ आयल कूलर रेडियेटर जीबीसी 4.0 के पहले से ही उत्पादन कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत मायकेवालों ने लगाया हत्या का आरोप

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** रोहनियां थाना के मोहनसराय पुलिस चौकी क्षेत्र के दरेखू गांव में रविवार को धर्मेन्द्र की पत्नी सोनी देवी (28 वर्ष) की मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलने पर मायके से भाई सूरज के साथ किन्नर भी पहुंच गए। मायकेवालों के साथ ही ससुरालपक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने समझाकर शांत कराया। पति का कहना रहा कि सोनी टीबी समेत अन्य बीमारियों से ग्रसित थी। उसकी तबीयत ठीक नहीं थी और इलाज चल रहा था। घर में दवा भी मौजूद है। बीमारी की वजह से उसकी मौत हो गई। हालांकि घटना की जानकारी होते ही मायकेवालों के साथ ही किन्नर भी पहुंच गए। किन्नर सोनी को अपनी बहन मानते हुए थाने पहुंचकर हंगामा करने लगे। पुलिस ने समझाया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर लें। उसमें मृत्यु के कारणों के बारे में स्पष्ट पता चल जाएगा। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

### छत से गिरने से बालक की मौत

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** चेतगंज में रविवार को अत्यंत दुःखद घटना घटित हो गई। यहां छत पर पतंग उड़ाते समय गिरने से 9 वर्षीय बालक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, चेतगंज थाना क्षेत्र के मंसाराम फाटक इलाके में रहने वाले कमलेश यादव यूपी पुलिस में दीवान हैं और डायल 112 में तैनात हैं। रविवार को उनके बेटे अभिनव की स्कूल की छुट्टी थी। इसी बीच वह पतंग लेकर छत पर चढ़ा। जिस बिल्डिंग की छत पर अभिनव चढ़ा था, वह पांच मंजिला ऊंची है। पतंग उड़ाने के दौरान ही उसका पैर लड़खड़ाया और वह सीधा नीचे गिर पड़ा। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद हड़कंप मच गया। मृतक अभिनव की मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बीएचयू सिंह द्वार पर शव रख किया प्रदर्शन

## परिजनों की सभी मांगें पुलिस ने मानी

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (प.सं.)।** शनिवार रात बीएचयू कैंपस में एक्सीडेंट में व्यक्ति की मौत के बाद रविवार दोपहर बाद मृतक के परिजनों ने बीएचयू कैंपस के बाहर शव रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करीब 2 घंटे चला। परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया कि परिजनों की सभी मांगे पूरी की जाएंगी। परिजनों की मांग मृतक के परिजनों ने मांग की है कि उन्हे 20 लाख रुपए मुआवजा, एक फ्लैट और परिवार में किसी सदस्य को नौकरी दी जाय। साथ ही आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो।

उधर बीएचयू में बवाल करने के मामले में 12 नामजद समेत 200 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने सात को हिरासत में भी लिया गया है। मृतक के बेटे ने बताया, पापा कल अपने सास को दवा देने बीएचयू गए थे। वो बीएचयू में कार्यरत हैं। वहां से साइकिल से घर की ओर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उन्हें



पीछे से धक्का मार दिया। सिर में चोल लगने से मौत हो गई। मृतक के दामाद ने बताया कि मेरे ससुर की 6 लड़कियां और एक बेटा है। इनमें से 5 की शादियां हो चुकीं हैं और एक लड़की क्लास 10 और एक लड़का 12वीं में पढ़ता है। इनके भरण पोषण की पूरी जिम्मेदारी केवल उन्हीं पर थी। उनके मरने के बाद अब कौन परिवार चलाएगा। बीएचयू में शनिवार रात 10 बजे स्कार्पियो की टक्कर से एक 48 साल के साइकिल सवार की मौत हो गई। हादसा डालमिया हॉस्टल के बाहर हुआ। इसके बाद कैंपस में एक छात्र के मौत की खबर फैली। इसके बाद गुस्से में आकर 500 से ज्यादा छात्रों ने कैंपस में रात डेढ़ बजे तक जमकर हंगामा किया। पहले स्कॉर्पियो में तोड़-फोड़ की। फिर कुलपति आवास और पुलिस की गाड़ियों पर पत्थरबाजी की। 10 से ज्यादा सीसीटीवी तोड़ दिए।

छात्र कैंपस के मेन गेट पर धरना देने लगे। कैंपस के छोटे गेट को भी बंद करा दिया। इस बीच छात्रों और पुलिस के बीच जमकर नोकझोंक हुई। छात्रों का आरोप है कि पुलिस ने जबरदस्ती गेट खुलवाया। सिंह द्वार के अंदर घुसकर लाठियों से पीटा। जिसमें उन्हें गंभीर चोट आई है। पुलिस ने 200 अज्ञात और 15 छात्रों पर एफआईआर दर्ज की है। पांच छात्रों को हिरासत में भी लिया है। इस दौरान कई थानों की पुलिस भी वहां पहुंच गई। तभी एक एंबुलेंस वहां से गुजरने लगी तो छात्रों ने रास्ता नहीं दिया। इस पर डीसीपी काशी ने छात्रों से बात की, लेकिन छात्र नहीं माने। जिस पर पुलिस ने छात्रों को खदेड़ कर गेट खुलवाया।

# 18 घंटे रहेंगे अपने संसदीय क्षेत्र में पीएम मोदी

**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र में दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। पीएम वाराणसी में 18 घंटे बिताएंगे। इस दौरान तीन स्थलों पर उनका कार्यक्रम आयोजित होगा। इसकी जानकारी जिलाधिकारी एस० राजलिंगम ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में दी। जिलाधिकारी ने बताया कि 23 फरवरी को प्रधानमंत्री का तीन स्थलों पर कार्यक्रम है। पहला कार्यक्रम उनका स्वतंत्रता भवन में होगा और दूसरा संत रविदास जन्मस्थलीय सीर गोवर्धनपुर में। वहीं तीसरा कार्यक्रम करखियांव में आयोजित होगा। जहां पीएम मोदी अमूल प्लांट का उद्घाटन करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। कारखियांव में अमूल प्लांट के उद्घाटन के दौरान जितनी भी वाराणसी में योजनाएं हैं, पीएम उसका वहीं से लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री काशी को लगभग 14 हजार करोड़ के आसपास की परियोजनाओं की सौगात देंगे। वहीं संत रविदास जन्मस्थल पर रविदास जी की मूर्ति का भी अनावरण करेंगे।

# अब कांग्रेसी बीएचयू परिसर को गंगाजल से धुलेंगे

## कहा- आईआईटी-बीएचयू गैंगरेप से परिसर हुआ अपवित्र, करेंगे पवित्र

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (प.सं.)।** शनिवार को राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ वाराणसी में थे। उन्होने गोदौलिया चौराहे पर जनसभा को संबोधित किया था। राहुल के जाने के बाद बीजेपी के पार्षद ने नरसिंह बाबा ने गोदौलिया चौराहे को गंगाजल से धुला था।

कांग्रेस ने इस मसले पर अब जवाब देने का मन बना लिया है। वाराणसी महानगर कांग्रेस अब बीएचयू परिसर में उस स्थान को को गंगाजल से धुलेगी। जहां आईआईटी की छात्रा के साथ गैंगरेप की वारदात की गई थी। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि गैंगरेप में शामिल सभी लोग भाजपा से जुड़े थे। परिसर को पवित्र करने के लिए गंगाजल से धुलेंगे। साथ ही भाजपाइयों की बुद्धि-शुद्धि के लिए अनुष्ठान करने का फैसला लिया गया है। हालांकि समय और तारीख स्पष्ट नहीं की।




बता दें कि रविवार को मैदागिन कांग्रेस कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने प्रेस कान्फ्रेंस कर भाजपा और सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की यात्रा के दौरान भाजपा के चंद नेताओं ने पहले तो माहौल बिगाड़ना चाहा, इसके बाद उनके जाने पर गोदौलिया चौक धोया। उन नेताओं ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में ऐसा किया जिसका वीडियो भी सामने आया है। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। कांग्रेस इन नेताओं की अगले 48 घंटे में केस और कार्रवाई की मांग करती है, ऐसा नहीं होने पर कांग्रेस सड़क पर उतरेगी।

# युवक-युवतियां स्वरोजगार कर बनेंगे आत्मनिर्भर



परिवर्तन दूत

**वाराणसी (प.सं.)।** कौशल विकास योजना के तहत फुलवरिया स्थित ग्रमोदय आईटीआई कालेज में युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाया गया। ताकि स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन सकें। आईटीआई कॉलेज के निदेशक ने बताया कि ग्रामोदय आईटीआई का हमेशा प्रयास है कि जितने भी बच्चे हैं उनका कौशल विकास कर सशक्त बनाया जाए। इससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। इसी सिलसिले में ग्रामोदय आईटीआई कॉलेज को भारत सरकार की ओर से कौशल विकास योजना दी गई है। हम अपने क्षेत्र में हर तपके के बच्चों को युवा है उनको निशुल्क में प्रशिक्षण दें। इससे बच्चे अपने कौशल को बना सके रोजगार पाएं और स्वावलंबी बनें। उन्होंने कहा कि सशक्त भारत की परिकल्पना जो प्रधानमंत्री ने सपना देखा था, उसे पूरा किया जाए। कौशल विकास योजना का लाभ सभी लोगों तक पहुंचे, इस पर सभी लोगों को यहां पर बुलाया गया था। जो राजनीतिक एवं सक्रिय लोग हैं उनको यहां बुलाकर मीटिंग की जा रही है, ताकि वे अपने क्षेत्र में जाकर कौशल विकास योजना के बारे में सभी लोगों को बता सकें।

# रामकुमार बने लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष




**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** लायर्स एसोसिएशन रामनगर के अध्यक्ष पद के लिए रामकुमार यादव निर्वाचित हुए हैं। रविवार को हुए एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में उन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा सुरेश कुमार मौर्या महामंत्री, विनय कुमार सिंह को उपाध्यक्ष और दिनेश कुमार यादव का कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन हुआ। चुनाव अधिकारी रामचंद्र यादव की देखरेख में हुए चुनाव में एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने भाग लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामकुमार यादव ने कहा कि अधिवक्ता हित में काम करना उनकी प्राथमिकता होगी। चुनाव के दौरान लक्ष्मेश्वर नाथ, विध्नेश्वर, प्रशांत सिंह, उमेश , विष्णु, अखिलेश यादव, मो खालिद, अब्दुल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# घाट ज्ञान की सीढ़ी- राजेश्वर आचार्य

## काशी में छठां घाट वाक वार्षिकोत्सव सपन्न

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (प.सं.)।** अंतरराष्ट्रीय काशी घाट वाक विश्विद्यालय का छठें वार्षिकोत्सव समारोह का उद्घाटन रीवा घाट पर सम्पन्न हुआ। इस बार के घाट वाक का केंद्रीय विषय था- 'घाटवाक का नायकोत्सव'। उद्घाटन के बाद काशी के विविध घाटों से होता हुआ यह घाटवाक राजघाट पर सम्पन्न हुआ। राधकृष्ण गणेशन ने गणेश वंदना की। इस अवसर पर भोजपुरी के रचनाकार हरिराम द्विवेदी को श्रद्धांजलि दी गई।

घाटवाक के उद्घटान कार्यक्रम में इस बार का मुख्य आकर्षण लोक कलाकार अष्टभुजा मिश्र का तुलसीघाट पर महान कवि तुलसीदास के भाव अभिनय का मंचन रहा। इसमें काशी में तुलसी के संघर्ष को दिखाया गया। स्वागत



वक्तव्य देते हुए काशी घाट वाक के संस्थापक व प्रख्यात चिकित्सक प्रो विजयनाथ मिश्र ने कहा कि घाटवाक काशी को जानने के साथ खुद को भी जानने का एक माध्यम है। यहां के हर घाट अपने पास एक महान नायक का बोध कराते हैं। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पद्मश्री राजेश्वर आचार्य ने कहा कि काशी विनम्र बनाती है। यहां हर कोई नायक है क्योंकि हर किसी में ज्ञान की सम्भावना है। प्रत्येक घाट यहां ज्ञान के ठाट है। घाट ज्ञान की सीढ़ी हैं।

संकटमोचन मंदिर के महंत विश्वम्भर नाथ मिश्र ने कहा कि काशी भगवान शिव का प्रसाद है। यहां सहना भी ज्ञान का आधार है। काशी बहुआयामी है। यहां के घाट सांस्कृतिक कोड जैसे हैं। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री ऋत्विक सान्याल ने कहा कि काशी ज्ञान का ताना बाना है। यहां साधन से साध्य की यात्रा होती है। सुदर्शन महाराज ने कहा कि घाटवाक से मन कि सफाई के साथ ज्ञान भी मिलता है।

## बीएचयू में काशी शब्दोत्सव का समापन

# डीएनए ने पांच हजार साल पुराने पूर्वजों को हमसे जोड़ा-राखीगढ़ी

परिवर्तन दूत

**वाराणसी (प.सं.)।** इंडियन और हड़प्पन कल्चर एक जैसे थे। आज से 5 हजार साल पहले विकसित हड़प्पन कल्चर को हम भारतीय संस्कृति का जी पारंपरिक वर्जन कह सकते हैं। क्योंकि इनका संबंध जनश्रुतियों से नहीं बल्कि डीएनए और अर्कियो लॉजिकल साइट पर मिले एविडेंस से है। आज भी भारतीयों में हड़प्पा काल के लोगों का डीएनए मौजूद है। ये बातें आज काशी हिंदू विश्वविद्यालय के वैदिक विज्ञान केंद्र में आयोजित काशी शब्दोत्सव में आए विद्वानों ने कही। बीएचयू के वैदिक विज्ञान केंद्र के सभागार में काशी शब्दोत्सव 2024 का समापन हो गया।

दिल्ली से आए राखीगढ़ी






अर्कियोलॉजिकल साइट की खुदाई को लीड करने वाले और राखीगढ़ी मैन के नाम से विख्यात प्रो. वसंत शिंदे ने कहा कि पूरे भारत का आधार हड़प्पा ही है। जबकि, हमेशा बताया गया कि हड़प्पा और भारत अलग अलग हैं। जबकि, आज के सनातनियों का मूल हड़प्पा ही है। हड़प्पा खुदाई के दौरान, भारतीय मसालों और व्यंजनों के साक्ष्य मिले हैं।

प्रो. शिंदे ने कहा कि आज के भारत में भी वही संस्कृति मौजूद है। भारत ही ऐसा देश था, जहां तंदूर, मक्खन, करी का सबसे पहला सबूत मिलता है। मसालेदार करी सब्जी लगे मिट्टी के बर्तन भी मिले हैं। इसके अलावा, प्रो. शिंदे ने यह भी साक्ष्यों के साथ बताया कि स्नानागार और शौचालयों के टाइल्स के भी साक्ष्य हैं। आज की भारतीय संस्कृति की पहचान के तौर पर नमस्कार किया जाता है। हाथ जोड़कर अभिवादन करने वाली इस मुद्रा के भी एविडेंस देखे गए हैं।

बीएचयू के जीन वैज्ञानिक प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे ने कहा कि आज के भारतीय जनजाति के लोगों में मूल निवासियों का डीएनए ही है। ये बात वैज्ञानिक तौर पर सिद्ध है। प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे ने कहा कि डीएनए के आधार पर भारत के कॉमन लोग ही मूल निवासी हैं। जबकि, अभी तक अंग्रेजों ने ये प्लॉट किया था कि केवल भारत में रहने वाली जनजातियां ही मूल निवासी थीं।

उन्होंने कहा कि भारत में रहने वाली कोई भी जाति और जनजाति के पास मूल निवासी का डीएनए पाया जाता है। ऐसे में भारत का हर निवासी इसी भूमि का मूल निवासी है।

# तेज रफ़्तार ट्रक ने ली युवक की जान



**वाराणसी (परिवर्तन दूत)।** रामनगर थाना क्षेत्र के भीटी में रविवार को तेज रफ़्तार ट्रक ने एक युवक की जान ले ली। ट्रक की चपेट में आते ही युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची रामनगर पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने युवक की बाइक के नंबर से उसकी शिनाख्त की। मृतक की पहचान बलिया के रहने वाले ब्रजेश सिंह (24 वर्ष) पुत्र विजय कुमार सिंह के तौर पर हुई है। मृतक के पिता जी आजमगढ़ 20वी वाहिनी पीएसी में कार्यरत हैं। पुलिस ने परिजनों को सूचित किया है।

## संपादकीय

# महाराष्ट्र में सियासी घमासान

महाराष्ट्र की राजनीति में इस समय तूफान मचा हुआ है। वैचारिक एवं सैद्धांतिक राजनीति का कोई महत्व नहीं रह गया। सत्ता लोलुप नेता अपना-अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए भीतरघात और जोड़-तोड़ करने में लगे हैं। रात ही रात में निष्ठाएं बदल रही हैं और दलबदल का जबरदस्त खेल जारी है। महाराष्ट्र में मराठा दिग्गज शरद पवार की पार्टी राकांपा का हाल भी शिवसेना जैसा हो गया है। कांग्रेस के नेता मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्धीकी और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण कांग्रेस छोड़ चुके हैं और भाजपा का दामन थाम अशोक चव्हाण तो राज्यसभा की सीट भी पक्की कर चुके हैं। शरद पवार जिन्होंने अपने भतीजे अजित पवार को सियासत का क, ख, ग सिखाया, वही उनकी पार्टी को हाईजैक करके ले जा चुके हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को हाईजैक कर चुके हैं। महाराष्ट्र विधानसभा में अजित पवार गुट को उस समय बड़ी राहत मिली जब विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने उनके गुट को ही असली राकांपा मान लिया। शरद पवार गुट की ओर से अजित पवार समेत सभी 9 विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की गई थी। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने इस मामले में चुनाव आयोग के फैसले का ही अनुसरण किया है। चुनाव आयोग ने इससे पहले एकनाथ शिंदे गुट जो उद्धव ठाकरे की शिवसेना से टूटकर अलग हुआ था, को असली शिवसेना माना और उसे ही पार्टी का चुनाव चिन्ह दे दिया। ठीक इसी तर्ज पर चुनाव आयोग ने अजित पवार गुट को असली राकांपा माना और पार्टी का चुनाव चिन्ह अजित पवार गुट को अलाट कर दिया। चाचा की पार्टी का चुनाव चिन्ह घड़ी अब अजित पवार के पास जा चुका है। महाराष्ट्र ध्विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा कि पार्टी संविधान के अनुसार एनसीपी वर्किंग कमेटी सर्वोच्च संस्था है। इसमें 16 स्थायी सदस्य हैं, लेकिन पार्टी का संविधान स्थायी सदस्यों को इजाजत नहीं देता। हमें नेतृत्व संरचना, पार्टी संविधान और विधायकी की ताकत को देखकर तय करना होगा कि पार्टी किसकी है। पार्टी संविधान और नेतृत्व संरचना में कोई स्पष्टता नहीं है। संविधान में लिखा है कि महत्वपूर्ण निर्णय अध्यक्ष लेंगे। अध्यक्ष कौन यह मैं तय नहीं कर सकता, विधायकों की संख्या बल यह तय करने का अधिकार रखती है। 41 विधायक अजित पवार गुट के समर्थन में हैं, ऐसे में असली एनसीपी अध्जित पवार गुट ही है। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने कहा कि विधायकों ने पार्टी के विरोध में कुछ नहीं किया। शरद पवार के दिल से नहीं चलना मतलब यह नहीं की विधायकों के कृत्य कदम पार्टी विरोधी हैं। पार्टी के अंदर की नाराजगी का मतलब यह नहीं की विधान मंडल की नाराजगी है। पार्टी में मतभेद होता है लेकिन विधायकों ने पार्टी नहीं छोड़ी। पार्टी का मतभेद मतलब यह नहीं की कानूनी उल्लंघन हुआ है। एनसीपी विधायकों की अयोग्यता पर फैसला पढ़ते हुए विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि फैसले के लिए मुझे उस आधार को लेना होगा जो शिवसेना के विधायकों की अयोग्यता पर फैसला सुनाते वक्त लिया गया था। दरअसल पार्टी के संविधान में लिखा है कि महत्वपूर्ण निर्णय अध्यक्ष लेंगे। दोनों गुटों का दावा है कि हमारे पास बहुमत है, जबकि 29 जून तक शरद पवार के अध्यक्ष पद पर कोई चैलेंज नहीं था। 30 जून को दो लोगों ने दावा कर दिया। दोनों का मानना है कि अध्यक्ष पद का चुनाव संविधान के हिसाब से नहीं हुआ। दोनों समूहों द्वारा अयोग्यता याचिकाएं भी दायर की गई हैं। लोकतंत्र में बहुमत से ही फैसला होता है। चुनाव आयोग और विधानसभा अध्यक्ष ने इसी फार्मूले को आधार बनाया। लोकतंत्र में पहले से ही स्थापित परम्पराओं और उदाहरणों का महत्व होता है। पहले भी कई ऐसे मौके आए हैं जब कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों के गुटों ने खुद को असली पार्टी होने का दावा किया और चुनाव आयोग ने उन पार्टियों का चुनाव चिन्ह जब्त करके उन्हें नया नाम और नए चुनाव चिन्ह आवंटित किए, लेकिन अब चुनाव आयोग ने संगठन की व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया, बल्कि बहुमत के आधार पर ही फैसला सुना दिया। चुनाव आयोग के फैसले पर सवाल तो खड़े हो ही रहे हैं। क्या इस तरह के फैसले थोक में दलबदल को प्रोत्साहित नहीं करते? क्या जनप्रतिनिधि घोड़ों की तरह नहीं बिक रहे? महाराष्ट्र में जोड़-तोड़ से सरकारें बनाने का सिलसिला तो 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद से ही शुरू हो गया था। जब शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस ने मिलकर सरकार बनाने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हुए। इसके बाद 12 नवम्बर को राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हो गया था लेकिन 23 नवम्बर को महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी ने सुबह-सुबह देवेन्द्र फडणवीस को मुख्यमंत्री और अजित पवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिला दी थी। हालांकि यह सरकार भी दो दिन में ही गिर गई थी, क्योंकि चाचा शरद पवार ने उस समय भतीजे अजित पवार को 24 घंटे में ही तारे दिखा दिए थे। राजनीति में नेताओं की महत्वकांक्षा बहुत मायने रखती है क्योंकि हर कोई एक-दूसरे को धक्का देकर आगे निकल जाने की कोशिश करता है। लोकतंत्र की कोई लाख दुहाई दे, इस धक्का-मुक्की में कौन किसकी सुनता है। शरद पवार गुट अब इस पूरे मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। शिवसेना भी सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट उठ रहे सवालों का हल तो तलाशेगा ही देखना है क्या नई नजीर स्थापित होती है।

# बंदरगाह के विरोध में तमिल किसान

उपेन्द्र शंकर

दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में हजारों ग्रामीण गौतम अडानी के स्वामित्व वाले बंदरगाह के विस्तार के प्रस्ताव के खिलाफ लड़ रहे हैं। ग्रामीण, जिनमें से अधिकांश मछली पकड़ने से अपनी आजीविका चलाते हैं, कहते हैं कि तिरूवल्लूर जिले के कट्ठुपल्ली गांव में बंदरगाह के विस्तार से उनकी भूमि जलमग्न हो जाएगी और उनकी आजीविका पर कहर बरपेगा।133.50 हेक्टेयर का यह बहुउद्देश्यीय बंदरगाह मूल रूप से लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) द्वारा निर्मित किया गया था जिसे जून 2018 में श्अदानी पोर्ट्सश् द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया। कंपनी ने बाद में किनारे की भूमि के कुछ हिस्सों पर दावा करके इसे 18 गुना से अधिक क्षेत्र में विस्तारित करने का प्रस्ताव रखा। संशोधित मास्टर प्लान में 2,472.85 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है, जिसमें 133.50 हेक्टेयर का मौजूदा क्षेत्र और 761.8 हेक्टेयर की अतिरिक्त सरकारी भूमि, 781.4 हेक्टेयर की निजी भूमि और 796.15 हेक्टेयर जमीन समुद्र से ली जाएगी।प्रस्तावित विस्तार परियोजना में अंतर्जवारीय क्षेत्र, नमक क्षेत्र, मैंग्रोव और तटीय विस्तार क्षेत्र आते हैं। तट पर बसे करीब 100 कस्बों और गांवों के मछुआरों का कहना है कि इससे उनके काम पर गंभीर असर पड़ेगा। क्षेत्र की एक मछुआरिन राजलक्ष्मी का कहना है कि श्यहां पाई जाने वाली मछली की किस्मों की संख्या पहले ही काफी कम हो गई है। किसी भी प्रकार के विस्तार से इसकी आबादी और कम हो जाएगी।प्रस्तावित परियोजना से पुलिकट झील के आसपास की 45 बस्तियों के मछुआरों की आजीविका भी प्रभावित होगी। कट्ठुपल्ली कुप्पम गांव, जो तब विस्थापित हो गया था जब श्एल एंड टी समूह ने पहली बार बंदरगाह का निर्माण किया था, पर फिर से बेदखल होने का खतरा है क्योंकि



नई परियोजना वर्तमान गांव के पास है। यदि परियोजना पूरी हो जाती है तो कुछ अन्य गांवों को भी संभावित समुद्री कटाव के कारण विस्थापन का खतरा है, जबकि कंपनी के मास्टर प्लान के अनुसार, विस्तार से बंदरगाह की कार्गो क्षमता 24.6 मीट्रिक टन से बढ़कर 320 मीट्रिक टन प्रति वर्ष हो जाएगी और नए रेल और सड़क नेटवर्क विकसित होंगे जो क्षेत्र में व्यापार को बढ़ावा देंगे।इस परियोजना को पर्यावरणविदों के विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है, जो दावा करते हैं कि इससे बड़े पैमाने पर तटीय क्षरण होगा और जैव-विविधता का नुकसान होगा, विशेष रूप से स्थानीय मछली की प्रजातियों और क्षेत्र में पाए जाने वाले केकड़ों, झींगों और छोटे कछुओं का। पर्यावरणविद् मीरा शाह के मुताबिक श्यह क्षेत्र हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर पर्यावरण प्रदूषण और तटीय कटाव का सामना कर रहा है। यह विस्तार, देश की दूसरी सबसे बड़ी खारे पानी की झील पुलिकट को भी नष्ट कर सकता है।श्बंदरगाह विस्तार के खिलाफ विरोध 2018 के अंतिम महीनों में ही शुरू हो गया था। पर्यावरण और वन मंत्रालय ने परियोजना के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक श्ईएसीश् (पर्यावरण मूल्यांकन समिति) का गठन किया था। इस समिति को अपनी यात्रा के दौरान इलाके के निवासियों, मछुआरों और कई कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। उन्होंने प्रस्तावित विस्तार पर अपना विरोध व्यक्त करते हुए साइट का दौरा करने वाली ईएसी को एक ज्ञापन भी सौंपा था।जब राज्य सरकार ने परियोजना को पर्यावरण मंजूरी देने की प्रक्रिया शुरू की तो सितंबर 2023 में आंदोलन फिर से तेज हो गया। उसी महीने, राज्य के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भारी विरोध के बीच परियोजना के लिए एक अनिवार्य सार्वजनिक सुनवाई स्थगित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, श्अदानी पोर्ट्सश् के एक प्रवक्ता ने आन्दोलनकारियों के आरोपों को खारिज कर दिया और उन्हें श्गलतश् बताया। उन्होंने कहा कि विस्तार का विरोध करने वाले व्यक्ति अपने दावों को किसी प्राथमिक डेटा के आधार पर सत्यापित नहीं करते।विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इससे क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानश् (आईआईटी) मद्रास में हाइड्रोजियोलॉजी के प्रोफेसर डॉ इलंगो लक्ष्मणन का दावा है कि भारत के पूर्वी तट-और विशेष रूप से तमिलनाडु तट-में बंदरगाह निर्माण के लिए उपयुक्त भौगोलिक परिस्थिति नहीं है, विस्तार की तो बात ही छोड़ दें। उन्होंने कहा, इससे तटीय क्षेत्र प्रभावित होंगे और समुद्री कटाव होगा। कंपनी के एक वरिष्ठ प्रवक्ता ने दावे को खारिज कर दिया और कहा कि क्षेत्र में समुद्री कटाव को केवल बंदरगाह के निर्माण से नहीं जोड़ा जा सकता।कुछ उद्योग विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि विस्तार योजना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा और अधिक रोजगार मिलेगा। श्हिंदुस्तान चैंबर ऑफ कॉमर्सश् के पूर्व अध्यक्ष वल्लियप्पन नागप्पन ने कहा कि विस्तार से अधिक जहाज आएंगे, जिससे आर्थिक वृद्धि होगी। उनके मुताबिक कंपनी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्थानीय लोगों को अच्छी तरह से मुआवजा दिया जाए और उनकी आजीविका पर कोई प्रभाव डाले बिना ठीक से स्थानांतरित किया जाए।कट्ठुपल्ली में बंदरगाह अधिकारी स्थानीय समुदाय को मुफ्त चिकित्सा सहायता और नौकरी का वादा करके लुभा रहे हैं। अदानी पोर्ट्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम बंदरगाह के आसपास के ग्रामीणों के संपर्क में हैं और वे इस परियोजना और नौकरियां पाने में बहुत रुचि रखते हैं। पुलिकट की एक मछुआरिन ने कहा कि हम परियोजना के खिलाफ अपनी लड़ाई में कुछ भी झेलने को तैयार हैं। हमारी आजीविका की हर कीमत पर रक्षा की जानी चाहिए। उनमें से एक ने कहा, अगर वे हमें दवाएं देना चाहते हैं और हमारी जमीन लेना चाहते हैं, तो हम ऐसा नहीं होने देंगे। प्रदर्शनकारियों ने तमिलनाडु सरकार पर उनके हितों की रक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने का आरोप भी लगाया। कई लोगों का कहना है कि चुनावों से पहले, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बार-बार वादा किया था कि वे परियोजना को रद्द कर देंगे, लेकिन 2021 में सत्ता में आने के बाद से कुछ नहीं हुआ।

# चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के बीच शुरू हो गया है शह-मात का खेल

ललित गर्ग

2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर शतरंज की बिसात बिछ रही है। कुछ ही हफ्ते बचे हैं और भारतीय जनता पार्टी एवं सभी विपक्षी दलों ने शतरंज की चालों की तरह अपनी-अपनी चालें चल रहे है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर शतरंज की चालें चलते हुए एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं। एक-एक मोहरे को ठीक जगह रख रहे हैं। कोई प्यादों से लड़ने की, तो कोई वजीर से लड़ने की रणनीति बना रहे हैं। कुछ प्यादे, वजीर बनने की फिराक में हैं। भाजपा ने स्वयं की 370 एवं उसके गठबंधन की 400 का लक्ष्य लेकर ही चालें चल रही है। इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न राजनीतिक दल भी अपनी चालों को फीट करने में जुटें हैं। शतरंज की एक विशेषता है कि राजा कभी अकेले से शिकस्त नहीं खाता और यही हम आगामी चुनाव के बन रहे दृश्यों से महसूस कर रहे हैं।राजनीति पल-पल नया आकार लेती है, इसलिये राजनीति में सही वक्त पर सही ढंग से इस्तेमाल करने का हुनर होना अपेक्षित होता है, जो अच्छा चल रहा है उसे बिगाड़ना आना चाहिए और जो बिगड़ रहा है उसे सुधारना आना चाहिए। इसी को कहते है राजनीति। इसी राजनीति के महारथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की रणनीति तीक्ष्ण एवं प्रभावी बनकर सामने आ रही है। शतरंज के खेल की भांति राजनीति में भी कब किस घोड़े को और किस सैनिक को ऊंट को मारना है ताकि धमाकेदार चुनाव परिणाम तक पहुंचा जा सके, ये कला आनी चाहिए। इस कला में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। वह राजनीतिक शतरंज की चालों में माहिर है और उसकी दृष्टि नये बन रहे राजनीतिक जोड़-तोड़ पर लगी है। भाजपा की एक चाल के बाद विरोधी कितनी चाल चल सकता है, भाजपा के घोड़े ऊंट सैनिक को मारने के लिए विपक्षी दल क्या चाले चल सकते हैं, इस बात का भाजपा को पहले से ज्ञान है, उसे यह भी पता है कि वह कितने प्यादों को खो सकता है। उसे बचाने का खेल भाजपा खेलने लगी है।शतरंज में सफेद मोहरों की चाल पहले होती है और हर एक चाल की वरीयता मायने रखती है। ठीक इसी सोच पर भाजपा सभी चुनावी चालों में आगे रहना चाहती हैं। पर शुरुआत किस चाल से करें, जिसकी काट नहीं हो, यह भाजपा अच्छी तरह जानती हैं। तभी उसने प्रभावी एवं दूरगामी राजनीतिक से जुड़ी पहले चलने वाली चाले चलते हुए नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा दिया है। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड़ कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वहीं पांच राजनीतिक रत्नों को 'भारत रत्न' सर्वोच्च पुरस्कार की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल दिखाते हुए शह-मात का खेल खेल रही है।शतरंज के खेल की तरह राजनीति के खेल में भी घोड़ा ढाई घर आगे और ढाई घर पीछे चलकर मारता है, परिपक्व एवं मझे हुए राजनीतिक खिलाड़ियों एवं राजनीतिक दलों की यही चालें शुरू हो चुकी है, जिस कारण सभी विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाने का धर्म संकट है और प्रमुख दलों में भविष्य की राजनीतिक सत्ता को लेकर राजनीति की निष्ठायें पूरी तरह से धूमिल होती हुई भी दिखाई पड़ रही हैं। वर्तमान राजनीति सिद्धांतों पर नहीं रह गई है अब विभिन्न राजनीतिक दल येन केन प्रकरण पद और सत्ता हासिल करके सुख भोगना चाहते हैं और समाज में अपने रुतबे को कायम रखने की होड़ शुरू है। लेकिन सत्ता एवं स्वयं-स्वार्थ की इस होड़ के कारण नुकसान तो लोकतंत्र का ही हो रहा है। इसलिये आज सबकी आंखें और कान राजनीतिक दलों द्वारा प्रतिदिन लिये जाने वाले निर्णयों पर लगे हुए हैं। दोष किसी एक दल का नहीं, बल्कि उन सबका है जो चुनावी संग्राम को एक शतरंज की बिसात बना रखा है। चुनाव की घोषणा से पहले ही जो घटनाएं हो रही हैं वे शुभ का संकेत नहीं दे रही हैं। मतदाता भी धर्म संकट में है। उसके सामने अपना प्रतिनिधि चुनने का विकल्प नहीं होता। प्रत्याशियों में कोई योग्य नहीं हो तो मतदाता चयन में मजबूरी महसूस करते हैं। मत का प्रयोग न करें या न करने का कहें तो वह संविधान में प्रदत्त अधिकारों से वंचित होना/करना है, जो न्यायोचित नहीं है।काले और सफेद मोहरे शतरंज की फर्श पर ही आमने-सामने नहीं होते, पूरा चुनावी परिदृश्य ऐसे ही काले और सफेद रंगों में बंटती जा रही है। कहीं यह अगड़ों-पिछड़ों के नाम से तो कहीं वर्ग और जाति के नाम से आमने-सामने हैं। इस बार की लड़ाई कई दलों के लिए आरपार की है। ''अभी नहीं तो कभी नहीं।'' दिल्ली के सिंहासन को छूने व लालकिले पर ध्वज की डोरी पकड़ने के लिए सबके हाथों में खुजली आ रही है। उन्हें केवल अगले चुनाव की चिन्ता है, अगली पीढ़ी की नहीं। मतदाताओं के पवित्र मत को पाने के लिए पवित्र प्रयास की सीमा लांघ रहे हैं। यह त्रासदी बुरे लोगों की चीत्कार नहीं है, भले लोगों की चुप्पी है जिसका नतीजा राष्ट्र भुगतता रहा है/भुगतता रहेगा, जब तब भले लोग मुखर नहीं होगे।शतरंज के खेल की तरह शह और मात राजनीति में भी होती है, शतरंज के खेल में घोड़ा बहुत महत्वपूर्ण होता है। भाजपा ने ऐसे ही घोड़ों को अपने पक्ष में किया हैं, ये घोड़े चारों दिशाओं में से किसी एक में आवश्यकतानुसार ढाई घर चल सकता है। यह आक्रमण में निर्णायक भूमिका निभाता है और सुरक्षा भी प्रदान करता है। इसकी चाल को समझना आवश्यक है। वैसे मंत्री या वजीर सबसे शक्तिशाली मोहरा होता है, क्योंकि यह आगे-पीछे, आरे-तिरछे, अगल-बगल अपनी मर्जी एवं सुविधा से, कई घरों तक आ-जा सकता है। वैसे खेल तो प्यादों से शुरू होता है। आगे वे ही बढ़ते हैं। आक्रमण एवं सुरक्षा, दोनों की रणनीति, उनकी चाल को ध्यान में रख कर बनाई जाती है। सबसे बड़ी बात है कि आगे बढ़ते हुए वे आवश्यकतानुसार मंत्री, घोड़ा, ऊँट, हाथी कुछ भी बन सकते हैं। उनके महत्व को कम करके नहीं देखा जा सकता। भाजपा के पास विपक्षी दलों की तुलना में ऐसे मंत्री, घोड़ा, ऊँट, हाथी सब है। जबकि विपक्षी दल अपनी कुचालों से इन सबको खोते जा रहे हैं। यह सही है कि सहयोगियों के गठबंधन छोड़ने की शुरुआत भी एनसीपी में पड़ी फूट के बाद से ही हो गई थी, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलटना इस अर्थ में निर्णायक कहा जा सकता है कि वही गठबंधन के सूत्रधार की भूमिका निभा रहे थे। उन्हें अपनी ओर खींचकर भाजपा और एनडीए ने विपक्षी दलों के विशाल गठबंधन से बनते नैरेटिव को जबर्दस्त झटका दिया। इस झटके से उबरने की कोशिशें ढंग से शुरू होतीं, उससे पहले ही पश्चिम यूपी के जाट बहुल इलाके में दखल रखने वाले आरएलडी नेता जयंत चौधरी ने भी पाला बदल लिया।

# राज्यसभा चुनाव के पेंचो-खम

देश के उच्च सदन राज्यसभा की हर दो साल बाद होने वाली सीटों के लिए हो रहे चुनावों में जो नजारा पेश हो रहा है वह स्वस्थ लोकतन्त्र के हित में नहीं है क्योंकि इन चुनावों में पार्टी के विधायकों की वफादारी पर ही सवालिया निशान लग रहे हैं और आशंका व्यक्त की जा रही है कि वे बीच रास्ते में अपनी वफादारी बदल कर दूसरे खेमे के प्रत्याशी के हक में वोट डाल सकते हैं। वैसे इन चुनावों की अभी तक की सबसे बड़ी खबर यही है कि कांग्रेस नेता श्रीमती सोनिया गांधी पहली बार इस उच्च सदन की सदस्य राजस्थान से होने जा रही हैं। 1999 से लोकसभा सदस्य श्रीमती गांधी अब चुनावी राजनीति को छोड़ कर परोक्ष विधि के चुनाव के जरिये संसद में पहुंचेंगी। राज्यसभा में उनका पहुंचना निश्चित है क्योंकि राजस्थान में कांग्रेस के विधायकों की संख्या 70 है जो जीत से काफी अधिक है। मगर उत्तर प्रदेश से 10 सांसदों का चुनाव होना है। राज्य में सत्तारूढ़ दल भाजपा व प्रमुख विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के विधायकों की संख्या इतनी है कि वे आसानी से अपने-अपने क्रमशः सात व तीन उम्मीदवार जिता सकें। 27 फरवरी को होने वाले चुनावों में यदि यह स्थिति बरकरार रहती है तो सभी दस सांसद निर्विरोध जीत कर उच्च सदन में पहुंच जाते। भाजपा ने यहां अपना आठवां प्रत्याशी भी घोषित कर लड़ाई को न केवल दिलचस्प बना दिया है बल्कि ऐसा रहस्य भी गहरा दिया है कि अन्तिम समय में समाजवादी पार्टी की तरफ से गड़बड़ हो सकती है और उसके कुछ वोट भाजपा के आठवें प्रत्याशी संजय सेठ को मिल सकते हैं। यहां यह महत्वपूर्ण है कि संजय सेठ भूतपूर्व समाजवादी हैं। वह 2016 में सपा की तरफ से ही राज्यसभा में पहुंचे थे मगर बीच में ही भाजपा में चले गये थे। इसका मतलब यह निकाला जा रहा है कि संजय सेठ के कुछ शुभचिन्तक समाजवादी पार्टी में अब भी मौजूद हैं। भाजपा ने जिन अन्य सात उम्मीदवारों को खड़ा किया है उनमें पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी के अलावा पूर्व कांग्रेसी राज्यमन्त्री आरपीएन सिंह, पूर्व सांसद तेजवीर सिंह, पार्टी महासचिव अमरपाल सिंह मौर्य, पूर्व प्रदेश राज्यमन्त्री संगीता बलवन्त, पूर्व विधायक साधना सिंह और आगरा के पूर्व महापौर नवीन जैन शामिल हैं। सपा की ओर से फिल्म अभिनेत्री जया बच्चन, पूर्व सांसद व केन्द्रीय मन्त्री रामजी लाल सुमन व राज्य के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन मैदान में हैं। इस प्रकार दस सीटों पर 11 प्रत्याशी खड़े हो गये हैं जिससे 27 फरवरी को मतदान होना जरूरी हो गया है। भाजपा के सात उम्मीदवार तो निश्चित रूप से जीत जायेंगे मगर सपा के आलोक रंजन व भाजपा के संजय सेठ में भिड़न्त हो सकती है। इनमें से जो भी उम्मीदवार जीता वही सिकन्दर कहलायेगा। अब देखना यह होगा कि 27 परवरी को लाटरी किसकी खुलती है क्योंकि आठवीं सीट जीतने के लिए भाजपा के पास पर्याप्त विधायक नहीं हैं। इससे सपा की ओर से क्रास वोटिंग की संभावना पैदा हो रही है। ऐसा ही पेंच हिमाचल प्रदेश में भी पड़ गया है। यहां कांग्रेस की सरकार है और केवल एक ही प्रत्याशी का चयन किया जाना है। कांग्रेस ने इस सीट के लिए प्रख्यात विधि विशेषज्ञ अभिषेक मनु सिंघवी को अपना प्रत्याशी बनाया है। उनकी उम्मीदवारी को लेकर राज्य कांग्रेस के विधायकों में कुछ असन्तोष इसलिए बताया जा रहा है कि वह राज्य से बाहर के हैं और पार्टी आलाकमान उन्हें उन पर जैसे थोप रहा है। इस अफवाह के चलते भाजपा ने भी अब अपना उम्मीदवार उतार दिया है। वह कोई और नहीं बल्कि पुराने कांग्रेसी हर्ष महाजन हैं जो 2022 में ही कांग्रेस से भाजपा में गये थे। वैसे यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा यहां हवा में गांठ लगा रही है क्योंकि मुख्यमन्त्री सुक्खू ने सभी विधायकों को एकजुट रहने के लिए मना लिया है। भाजपा यहां भी क्रास वोटिंग पर निर्भर कर रही है। यहां कांग्रेस विधायकों की संख्या को देखते हुए श्री सिंघवी का जीतना तय माना जा रहा है। राज्यसभा चुनावों में दल-बदल कानून लागू नहीं होता है इस वजह से क्रास वोटिंग की संभावना लगी रहती है। ठीक ऐसी ही हालत कर्नाटक में भी है जहां चार सीटों का चुनाव होना है और प्रत्याशी पांच हैं। कांग्रेस के विधायकों की संख्या को देखते हुए उसके तीन प्रत्याशी आसानी से जीत जायेंगे। इस राज्य में भी कांग्रेस की सरकार है। चैथी सीट के लिए भाजपा व जनता दल (स) के बीच पेंच लड़ सकता है। वैसे इन दोनों दलों के प्रत्याशियों को उम्मीद है कि उनके हक में क्रास वोटिंग हो सकती है। उम्मीद पे दुनिया कायम है !

## आज का राशिफल

मेषः- आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा। बाहर के खानपान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है। कार्य समयानुसार पूर्ण नहीं होंगे। व्यवसाय में भी संभलकर चलने की गणेशजी सलाह देते हैं।

वृषभः- आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं। खर्च अधिक होगा।

मिथुनः- आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं। खर्च अधिक होगा।

कर्कः- गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद-विवाद न कीजिएगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। पारिवारिक वातावरण में शांति बनी रहेगी।

सिंहः- आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं। परिश्रम के अनुरूप परिणाम मिलेगा। विद्यार्थियों को कार्य में सफलता प्राप्त होगी।

कन्याः- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। मध्याह्न के बाद स्थिति में बदलाव होगा।

तुलाः- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। मध्याह्न के बाद स्थिति में बदलाव होगा।

वृश्चिकः- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। मध्याह्न के बाद स्थिति में बदलाव होगा।

धनुः- गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा।

# लोकमान्य तिलक से जेसीबी टकराई, कोई हताहत नहीं

## जेसीबी चालक घायल

परिवर्तन दूत

**चंदौली।** डीडीयू रेल मंडल के समीप व्यास नगर मानव रहित रेलवे क्रासिंग को पार करते समय जेसीबी वाराणसी से मुंबई जा रही लोकमान्य तिलक सुपर फास्ट एक्सप्रेस( 12168 ) से टकरा गई। हालांकि इस दौरान बड़ा हादसा होने से बाल - बाल बच गया। जेसीबी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका इलाज चल रहा है। रेलवे यात्री सकुशल हैं, सूचना के बाद अधिकारी व तकनीकी टीम मौके पर पहुंचकर परिचालन शुरू करा दी है।



जानकारी के अनुसार रेलवे ठेकेदारों द्वारा रेल ट्रैक के समीप काम चल रहा था। इस दौरान व्यास नगर मानव रहित रेलवे क्रासिंग पर जेसीबी रेलवे ट्रैक पार करते समय फंस गई। तभी गुजर रही लोकमान्य तिलक सुपर फास्ट एक्सप्रेस तेज आवाज के साथ के साथ जेसीबी से टकरा गई। इस दौरान यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि रेल यात्री बाल - बाल बच गए और बड़ा हादसा होने से बच गया। हादसे में जेसीबी के परचक्खे उड़ गए, वहीं जेसीबी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

बता दें की हादसे में ट्रेन के कई कोच भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं, मौके पर ट्रेन तब तक खड़ी रही जब तक कि रेलवे अधिकारियों व तकनीकी टीम मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा ले जेसीबी को ट्रैक से हटाकर ट्रैक को दुरुस्त नहीं की। इस दौरान बनारस एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें जहां - तहां खड़ी हो गईं। हादसे के एक घंटे बाद अधिकारियों के निर्देश पर रेल का परिचालन शुरू हुआ।

इस बाबत एडीआरएम लाल जी चौधरी ने बताया कि डाउन लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस से अवैध जेसीबी टकरा गई। जान माल की हानि नहीं हुई है, परिचालन शुरू करा दिया गया है। जांच कमेटी गठित कर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

वहीं हादसे के बाबत क्षेत्राधिकारी मुगलसराय अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि सीतापुर, नींबूपुर गांव के बीच व्यास नगर मानव रहित फटका पर यह हादसा घटित हुआ है। जिसमें जेसीबी चालक रणधीर सिंह निवासी मुबारकपुर जिला सारण बिहार घायल हो गया है। उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। ट्रेन यात्री सुरक्षित हैं, कोई हताहत नहीं है। जेसीबी को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।

## फर्जी अंकपत्र व आधार कार्ड बनवाकर परीक्षा देने वाला अभ्यर्थी गिरफ्तार

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा के द्वितीय पाली के दौरान थाना सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत परीक्षा केंद्र बी.पी.एम.जी. पब्लिक स्कूल अशोक नगर सुरियावा (केंद्र कोड 1544) में अभ्यर्थी वास्तविक नाम मोनू मौर्य पुत्र सुरेश मौर्य निवासी संसारापुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही फर्जी तरीके से सोनू मौर्य के नाम से उम्र कम कराकर दोबारा परीक्षा देकर हाई स्कूल का अंक पत्र व आधार कार्ड बनवाकर परीक्षा में सम्मिलित हुआ था। आईटी सेल लखनऊ की सूचना पर जनपदीय पुलिस व प्रशासनिक टीम द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए अभ्यर्थी की बायोमेट्रिक जांच व अंक पत्रों को वेरीफाई किया गया तो पाया गया कि आरोपी उम्र कम करा कर दोबारा परीक्षा देकर फर्जी अंक पत्र व आधार कार्ड से सम्मिलित हुआ है। जनपदीय पुलिस द्वारा आरोपी अभ्यर्थी को पुलिस हिरासत में लेकर थाना सुरियावां पर आरोपी केविरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी।

## स्कूल के वार्षिकोत्सव में नन्हे मुन्ने बच्चों ने मोहा मन

### अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहे बच्चे- विनोद कुमार

परीवर्तन दूत

**चंदौली।** जिले के चहनिया विकास खंड क्षेत्र के प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल कुरहना में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। इसके मुख्य अतिथि मझवा विधायक डॉ विनोद कुमार विंद एवं विशिष्ट अतिथि अनिरुद्ध सिंह ने दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि डॉ बिंद ने कहा कि यदि बच्चे शुरू से ही ईमानदारी से अपने लक्ष्य के प्रति सचेत हो जाएं तो सफलता एक दिन उनके कदम चूमेगी। इन्होंने बच्चों से मोबाइल का प्रयोग कम से कम करने पर जोर दिया। विशिष्टअतिथि सीओ अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि शिक्षा संस्कार से ही आती है। इन्होने बच्चों को बाइक का प्रयोग कम से कम करने व ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए गाड़ी चलाने की सलाह दी। बताया कि चंदौली जिले में हर महीने करीब 50- 52 व्यक्ति रोड एक्सीडेंट से प्रतिमाह सड़क दुर्घटना



में मरते हैं। जिनमे 60 प्रतिशत लोग 30 वर्ष से कम उम्र के होते है। डांस की शुरूआत गणेश व सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात पीजी के बच्चों ने "गड्डी लेकर", एलकेजी के बच्चों ने "काला चश्मा", "मेरा जूता है जापानी" व यूकेजी के बच्चों ने "मुझे माफ करना ओ साईं राम" पर सुंदर प्रस्तुति दी। नन्हें-मुन्हें बच्चों ने अपने डांस परफॉर्मेंस से सबको एक बार अपने बचपन की यादों को ताजा करा दिया। वही जूनियर वर्ग के बच्चों ने भारत की अनेकता में एकता के भाव को चरितार्थ करते हुए "डाइवर्सिटी ऑफ इंडिया थीम" पर गुजराती, पंजाबी, असामी व मराठी धुनों पर शानदार डांस की प्रस्तुति दी। इस मौके पर प्रबंधक उदय भान सिंह, डायरेक्टर दिवाकर यादव,प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद उपप्रधानाचार्य सुशील शाही आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरे...

### भाजपा नेता ने किया स्मार्ट फोन का वितरण

**चंदौली।** जिले के सकलडीहा तहसील क्षेत्र के कृष्णावती संस्कृत महाविद्यालय ओरवा में स्मार्ट फोन वितरण किया। विद्यालय के 21 मेधावी छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन मिला। मुख्य अतिथि भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी रहे। भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी ने कहा कि स्मार्ट फोन का सही दिशा में उपयोग करे वर्तमान सरकार शिक्षा के प्रति संवेदनशील है साथ ही युवाओं को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के लिए वितरण कर रही है इस तरह की योजनाएं वर्तमान समय में अनिवर्यता है सरकार इस दिशा में आगे भी प्रतिबद्ध रहेगी शिक्षा एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिस माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य तय करता है शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपना सर्वांगीण विकास करता है शिक्षा एक अमूल्य निधि है। इस मौके पर भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी, गया राय, भानु चौहान,घनश्याम, विनय तिवारी, प्रबंधक वीरेंद्र प्रताप, रोहित पाण्डेय, कृष्णानंद पाण्डेय, सूरज पाण्डेय, पखंडो राजभर, रजत, पंकज, संतोष सहित आदि उपस्थित रहे।




### प्रदेश मे दूसरे स्थान पर रही अनुभव की रोबोटिक्स कार


**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** संत अतुलानन्द कान्वेण्ट स्कूल वाराणसी में 15 फरवरी को स्टैम्पिडिया की ओर से आयोजित राजीव मोटवानी स्कालरशिप प्रतियोगिता मे वुडवर्ड पब्लिक स्कूल के छात्र अनुभव पांडेय,आदित्य एवं तन्मय गुप्ता द्वारा बनाया गया रोबोटिक्स कार प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है'शानदार सफलता हासिल करने वाले छात्रों की टीम राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। कन्डेवर 5.0 इण्टरनेशनल रोबोटिक्स के क्षेत्र में आउट आफ बाक्स थिकिंग के लिए छात्रों को स्कॉलरशिप प्रदान करती है'प्रतियोगिता में वुडवर्ड पब्लिक स्कूल भदोही की टीम मे शामिल छात्र अनुभव पांडेय की टीम द्वारा बनाये गये रोबोटिक्स कार को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ और वे नेशनल के लिए क्वालिफाई किया। प्रमुख कालीन कंपनी ओबीटी प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक विनोद पांडेय के छोटे पुत्र अनुभव पाण्डेय(किंग) की टीम को उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने और नेशनल के लिए क्वालिफाइड करने पर कंपनी के अधिकारियो ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष का भाजपा की सदस्यता लेने के बाद हुआ स्वागत

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के जनपद आगमन होने के पूर्व ही पुराने कांग्रेसी नेता एवं नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बालमुकुंद कसेरा के कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता लेने की घोषणा ज्ञानपुर के मुखर्जी पार्क में भाजपा द्वारा आयोजित 'विधानसभा मिलन' कार्यक्रम में सदस्यता की घोषणा के बाद उनके आवास पर भाजपा कार्यकताओं एवं नागरिकों ने माल्यार्पण कर-के स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर बालमुकुंद कसेरा ने कहा कि मैंने मंडल अध्यक्ष अश्वनी अग्रवाल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्य,योजना एवं नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली एवं कांग्रेस को बाय-बाय किया।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी अग्रवाल घनश्याम जायसवाल,मोहन मुरारी बरनवाल,गोपाल अग्रवाल,रामचंद्र जायसवाल,गौतम अग्रहरि,रवि, आशुतोष आदि उपस्थित रहे।

### उपनिदेशक ने छात्र अलंकरण सम्मान से प्रगति राज को किया सम्मानित

**चंदौली।** देव संस्कृत विश्व विद्यालय शांति कुंज हरिद्वार द्वारा बीते दिनों भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले के 276 विद्यालय के कक्षा पांच से बारह तक के 22 हजार बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिले के सकलडीहा कस्बा की संगीता शिशु विद्या वाटिका की कक्षा आठ की छात्रा प्रगति राज प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है। रविवार को लखनऊ में प्रातीय छात्र अलंकरण एवं शिक्षक सम्मान समारोह में उपनिदेशक सुरेन्द्र तिवारी ने छात्रा प्रगति राज को मेडल और प्रशस्ती पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया है। इसकी जानकारी होने पर परिवार व स्कूल में शिक्षकों में खुशी की लहर है। देव संस्कृत विश्व विद्यालय शांति कुंज हरिद्वार द्वारा संचालित भारतीय ज्ञान परीक्षा में चंदौली जिले से लगभग 276 विद्यालय भाग लिए थे। जिनमें कक्षा 5 से 12 तक के 22000 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। इस परीक्षा में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा 8 की छात्रा सकलडीहा कस्बा कीक संगीता शिशु विद्या वाटिका की छात्रा प्रगति राज को लखनऊ के गोमती नगर स्थित गायत्री शक्ति पीठ में आयोजित प्रांतीय छात्र अलंकरण एवं शिक्षक सम्मान में उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश सुरेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रगति राज को शील्ड नगद राशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक मुकेश कुमार जायसवाल,प्रधानाध्यापिका खुशबू जायसवाल सहित अन्य लोग रहे।




## बाइकों की टक्कर में चार युवक घायल

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** गोपीगंज नगर मे ओवर ब्रिज पर शनिवार की रात दो बाइक की सीधी टक्कर मे चार युवक घायल हो गए' सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पुरानी बाजार सैदाबाद प्रयागराज निवासी कौशलेद्र शुक्ल का पुत्र सात्त्विक शूक्ला 21वर्ष रघुपुर सैदाबाद निवासी दिनेश पांडेय के पुत्र प्रद्युम्न पाण्डेय 20 वर्ष के साथ वाराणसी की ओर जा रहे थे।इस बीच रांग साइड से आ रही बाइक से हुई टक्कर में दूसरी बाइक पर सवार रामपुरघाट रोड गोपीगंज निवासी राहुल 23 वर्ष,अनुज 21वर्ष के साथ सात्विक व प्रद्युम्न गंभीर रूप से घायल हो गए।मौके पर एम्बुलेंस लेकर पहुचे पायलट सन्तोष मिश्र व एम टी भीम सिंह घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां प्राथमिक उपचार के बाद राहुल व अनुज को ट्रामा सेंटर वाराणसी व सात्विक व प्रद्युम्न को प्रयागराज रेफर कर दिया गया' घटना मे दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गया है।

## 44 जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानते हुए लिए सात फेरे

### विधायक सुशील सिंह और ब्लाक प्रमुख अजय सिंह ने नव दाम्पत्य को दिया आशीर्वाद



परिवर्तन दूत

**चन्दौली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत धानापुर ब्लॉक परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में रविवार को 44 जोड़ों ने सात फेरे लिए। दांपत्य सूत्र में बंधकर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुशील सिंह और ब्लाक प्रमुख अजय सिंह ने सभी नव दाम्पत्य को आशीर्वाद और उपहार भेंट किया। विधायक सुशील सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है। जब इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सामूहिक विवाह का शुरूआत किया तब सभी अन्य राजनीतिक दलों ने इसका विरोध किया। लेकिन सरकार जनता के लिये काम कर रही है जिसका लाभ उन्हें मिल रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी को सम्मान दिया जाता है। प्रत्येक जोड़े पर 35000 नगद, 10 हजार का सामान सहित अन्य व्यवस्था किया जा रहा है जल्द ही इसकी राशि एक लाख रुपया किया जाएगा। वृद्धा, विधवा पेंशन की राशि भी बढ़ाई जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपनो को हमें मिलजुल कर साकार करना है, गांव के विकास से ही देश का विकास होगा इसलिये सभी लोगों को देश को विकसित बनाने के लिये संकल्प लेना पड़ेगा। इस दौरान मुख्य रुप से डीपीआरओ ब्रमचारी दुबे, खंड विकास अधिकारी विजय कुमार, समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र कुमार मौर्या, रामप्रवेश त्रिपाठी, ग्राम पंचायत अधिकारी मिथिलेश सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश सिंह, प्रधान रामजी कुशवाहा, भीम सिंह, नित्यानंद सिंह, सौरभ सिंह, विमल सिंह दादा, सहित सैकड़ों की संख्या में वर वधु के परिजन और ब्लाककर्मी उपस्थित रहे। संचालन अभय कुमार ने किया।

## सपा जिलाध्यक्ष ने नगर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को किया सम्मानित



परीवर्तन दूत

**चन्दौली।** पीडीडीयू नगर समाजवादी नगर कार्यालय पर रविवार को जिलाअध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने नगर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करने का काम किया। वहीं सपा की नीतियों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी। समाजवादी पार्टी लगातार प्रदेश व नगर स्तर पर पदाधिकारीयो का चयन कर लोकसभा में पूरी ताकत झोंकना चाहती है। शायद यही वजह है कि रविवार को समाजवादी नगर कार्यालय पर रविवार को जिला अध्यक्ष सत्यनारायण राजभर द्वारा ने प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर पूर्व सभासद डॉ सोनू चौहान को मुगलसराय नगर अध्यक्ष व पूर्व सभासद विनय यादव डब्बू को मुगलसराय नगर महासचिव बनाए जाने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करने का काम किया। वही कार्यकताओं ने फूल मालाओं से याद कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी संगठन के माध्यम से पार्टी को नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। भाजपा शासन काल से पूरी तरह जनता उब चुकी है। इसे उखाड़ फेंकने के लिए जनता मूड बना ली है। इस मौके पर खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व सदस्य संतोष यादव, जिला महासचिव नफीस अहमद गुड्डू, अमरनाथ जयसवाल मोनू, संतोष जायसवाल, तस्लीम अंसारी, नफीस अहमद गुड्डू, प्रदीप यादव, रिंकू भाई सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो दिवसीय बाल शिविर का समापन

परीवर्तन दूत

**चन्दौली।** पीडीडीयू नगर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बाल शिविर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चतुर्भुजपुर, दीनदयालनगर में आयोजित हुआ। इस दौरान नगर के सभी 20 बस्तियों से 127 बाल स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण लिया। संघ द्वारा तय नियम के अनुसार कक्षा 3 से 10 तक के विद्यार्थी शामिल हुए । इस दौरान आये हुए सभी स्वयंसेवकों को अपने घर से मौसम के अनुकूल ओढ़ने व बिछाने के लिए बिस्तर के साथ गिलास, कटोरी, थाली इत्यादि लेकर बुलाया गया था। उद्घाटन सत्र में संघ के काशी प्रांत प्रचारक रमेश जी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए वहां की आने वाली पीढ़ी का सांस्कृतिक नेतृत्व शक्ति इत्यादि का विकसित होना अत्यंत आवश्यक है। उसी के विकास के लिए संघ अनेकों प्रकार का कार्यक्रम निरंतर करता रहता है। इसी निमित्त दो दिवसीय बाल शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि काशी प्रांत प्रचारक रमेश, विभाग सद्भाव प्रमुख अनिल,



विभाग प्रचारक नितिन, जिला प्रचारक आशुतोष, सह जिला संघचालक रामकिशोर पोद्दार, जिला कार्यवाह जयप्रकाश, नगर प्रचारक पवन, नौगढ़ प्रचारक राहुल, नगर संघचालक संजय अग्रवाल, नगर कार्यवाह भुवनेश्वर, सह नगर कार्यवाह रोहित, नगर शारीरिक प्रमुख हंसराज, नगर बौद्धिक प्रमुख अखिलेश, नगर प्रचार प्रमुख रोहित, पार्थ, सार्थक, शिव, ऋषि, संतोष, सौरभ, अभिषेक, प्रफुल, मलय इत्यादि उपस्थित रहे।

## जर्जर भवन मे चल रहा कई कार्यालय

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो।** अनेक सरकारी कार्यालय के भवन जर्जर हो गए है। कई वर्षों से सरकारी कार्यालयों के मरम्मत का काम नही हुआ है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, जल निगम, सिंचाई नलकूप, नहर विभाग व मंडी परिषद कार्यालय भवन जर्जर हालत में हैं। इन सरकारी कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारी से लेकर फरियादी तक पहुंचने में कदम खींचते हैं। समाज सेवी राहुल सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ व प्रधान सचिव संजय प्रसाद को मामले को अवगत कराया।

## कैंप कार्यालय पर सपा कार्यकर्ताओं के साथ की गई मासिक बैठक

### राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा पूर्व में किये गए कार्यो को जन जन तक पहुंचाए-नगर अध्यक्ष

**अहरौरा, मिर्जापुर।** नगर के सत्यानगंज बैंक रोड पर स्थित समाजवादी पार्टी कैंप कार्यालय पर नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद के अध्यक्षता में रविवार को मासिक मासिक बैठक सम्पन्न की गई।

बैठक मे अध्यक्ष द्वारा जोनल प्रभारी, सेक्टर प्रभारी व बूथ प्रभारी से कहा कि अपनी-अपनी जिम्मेदारी बखुबी निभाए और नगर में नागरिकों को हो रही असुविधा पर भी चर्चा कर जल्द सुविधा दिलाने का प्रयास करें।

वही लोकसभा चुनाव को देखते हुए नगर मे समाजवादी पार्टी को मजबूत करने और आगामी चुनाव 2024 की रणनीति पर चर्चा किया गया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कार्यकाल में किए गए कार्य सभी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुचाएं और बताने का कार्य करें। जिससे हम सब की सरकार बन सकें। इस दौरान सदानंद यादव पूर्व जिला महासचिव, कमलेश श्रीवास्तव, रजायत खान युवजन सभा नगर अध्यक्ष, डॉक्टर मो० इस्लाम, राजन, रमजान अली, हाफिज रोशन, मो० अजीम, इसरार अहमद, शौकत अली, मो० शफीक, किस्मत कुशवाहा, मो० अलीम, चुल्लन बिंद, गोपाल सोनकर, इरफान टेलर, मोगीश आलम, शमशेर अली, मुकीम अहमद, साबिर अली, बरकत अली, बन्ने हाफिज, सोनु गुप्ता, राजकुमार सिंह पुर्व चेयरमैन प्रत्याशी के साथ दर्जनो सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार गंभीर

**अहरौरा, मिर्जापुर।** थाना क्षेत्र के अहरौरा-चकिया मार्ग पर स्थित मदापुर गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार को देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदौली जनपद के चकिया थाना क्षेत्र में स्थित लाठिया ग्राम निवासी धर्मराज उर्फ कुल्लू पुत्र नगेंद्र सिंह (35) वर्ष देर शाम अहरौरा गए हुए थे, वहा से वापस लौटते समय अहरौरा-चकिया रोड पर स्थित मदापुर गांव के पास पेट्रोल टंकी के सामने अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रुप से घायल हो कर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय युवको ने मौके पर पहुंच कर देखा तो गंभीर हालत में घायल पड़ा हुआ था। आस पास के लोगों ने घायल के परिजनो को सूचना दिया। मौके पर पहुंचे परिजन घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

## बिना जागरूकता के आपको कामयाबी मिलेगी नहीं-एडीजे

**भदोही परिवर्तन दूत ब्यूरो ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत विधिक साक्षरता, जागरूकता, एवम् विभिन्न श्रम अधिनियमों के संबंध में शिविर का आयोजन मेसर्स ओबीटी प्राइवेट लिमिटेड गोपपुर गोपीगंज के कैंपस में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही निवेदिता अस्थाना रही। मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि बगैर जागरूकता के आपको कामयाबी नहीं प्राप्त हो सकती है। सभी को अपने अपने अधिकारों, कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। तथा विधिक जानकारी होने पर आप अपने शोषण से भी बच सकते हैं एवम् अपने हितों की रक्षा कर सकते हैं। महिलाओं को उत्साह वर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने



आप में स्वयं शक्ति होती है तथा अपने हितों की रक्षा करने के लिए सबको आगे आने की जरूरत है। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा महिलाओं के हित में बने विभिन्न कानूनों सहित मध्यस्थता तथा प्री लिटिगेशन के संबंध में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जे पी सिंह श्रम प्रवर्तन अधिकारी ज्ञानपुर भदोही द्वारा यह कहा गया कि कमजोर वर्ग की महिलाओं को मुफ्त विधिक सहायत के लिए गठित लीगल एड डिफेंस सिस्टम के संबंध में विधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है ।

इसी क्रम में श्री आई बी ,सिंह प्रेसिडेंट ओबीटी प्राइवेट लिमिटेड गोपपुर गोपीगंज द्वारा भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कंपनी द्वारा सीएसआर के तहत विशेष दायित्वों का निर्वहन भी किया जा रहा है कंपनी द्वारा समय-समय पर सामाजिक क्षेत्र से जुड़े सरोकारों में भी प्रतिभाग करती रहती है कामकाजी महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर कंपनी प्रयास रत रहती है तथा समय-समय पर जागरूकता कैंप भी आयोजित किया जाता है कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत तिवारी द्वारा किया गया 'इस अवसर पर जसवंत सिंह फैक्ट्री मैनेजर , विनोद पांडे डिप्टी मैनेजर एडमिन विपिन सिंह, राजन सिंह अध्यक्ष हीरामणि यादव, चंद्रशेखर समरीन बानो, उपासना पूनम सहित काफी संख्या में कंपनी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टायर फटने से स्कॉर्पियो अनियंत्रित एक युवक घायल



**अहरौरा,मिर्जापुर।** थाना क्षेत्र के हनुमान घाटी के पास स्कॉर्पियो का अगला टायर फट जाने से वाहन अनियंत्रित हो गया और पलट गया, स्कॉर्पियो में बैठे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को स्कॉर्पियो सोनभद्र से वाराणसी की तरफ जा रहा था तभी अहरौरा क्षेत्र के हनुमान घाटी के पास अगला टायर फटकर पलट गया। जिसमें जौनपुर निवासी पीयूष पुत्र अखिलेश लगभग (22) वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया।

# अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन ने नए युग की शुरूआत कीः नड्डा

नयी दिल्ली,एजेंसी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह और अयोध्या में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन ने एक नए युग की शुरुआत की है। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के अत्याधुनिक भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन पार्टी नेताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, ष्अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को एक राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाया गया और विश्व स्तर पर भी लहरें उठीं। इस घटना ने देश में एक नए युग के जन्म का संकेत दिया। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हमारे गंभीर संकल्पों में से एक था और पिछले साल 22




दिसंबर की घटना ने उसी की पूर्ति को चिह्नित किया। जेपी नड्डा ने कहा कि आप सभी की तरह ज्ञात हो, 9 नवंबर, 2019 को (राम जन्मभूमि मामले में) सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अयोध्या में भव्य मंदिर के निर्माण की देखरेख के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का गठन किया। जिस दिन सुप्रीम कोर्ट ने स्वामित्व विवाद का निपटारा किया, उस दिन से केवल चार साल के भीतर निर्माण कार्य तेज गति से आगे बढ़ा, 22 जनवरी को राम लला की मूर्ति का दुनिया के सामने अनावरण किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन में चल रहे विचार-मंथन सत्रों का उद्देश्य पार्टी की रणनीति को मजबूत करना और लोकसभा चुनावों से पहले कार्यकर्ताओं को उत्साहित करना है, जिनकी जल्द ही अधिसूचना जारी होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी और नड्डा रविवार को बाद में बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। अपने संबोधन से पहले जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्रियों, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अन्य पार्टी नेताओं के साथ जैन द्रष्टा आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा,

## पारिवारिक विवाद के चलते पिता ने बेटे की हत्या, बाद में खुद को मार ली गोली

हनुमानगढ़,एजेंसी। राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के गोलूवाला थाना क्षेत्र में बीती रात पारिवारिक संपत्ति विवाद के चलते एक व्यक्ति ने अपने बेटे की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी अजय कुमार ने रविवार को बताया कि थिराजवाला गांव में रामस्वरूप (40) ने शनिवार रात अपने कमरे में चारपाई पर सो रहे अपने बेटे सौरभ (20) की गोली मार कर हत्या कर दी और बाद में उसने खुद को भी गोली मार ली।उन्होंने बताया कि गोलीबारी की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये तथा इस संबंध में राम स्वरूप के खिलाफ हत्या और हथियार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# सेना प्रमुख ने सैन फ्रांसिस्को में डिफेंस इनोवेशन यूनिट का किया दौरा

सैन फ्रांसिस्को,एजेंसी। थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल मनोज पांडे ने अमेरिका की अपनी चार दिवसीय यात्रा के दौरान सैन फ्रांसिस्को में अमेरिकी सेना की अग्रणी सैन्य नवाचार इकाई डिफेंस इनोवेशन यूनिट (डीआईयू) का दौरा किया। उन्होंने डीआईयू के निदेशक और रक्षा सचिव के वरिष्ठ सलाहकार डौग बेक से बातचीत की। डिफेंस इनोवेशन यूनिट एकमात्र अमेरिकी रक्षा विभाग संगठन है, जो विशेष रूप से अमेरिकी सेना में महत्वपूर्ण समस्याओं को हल करने और भविष्य के लिए एक बल बनाने में मदद करने के लिए वाणिज्यिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र और विस्तार पर केंद्रित है। इसके अलावा जनरल मनोज पांडे ने ने कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड का भी दौरा किया। सेना प्रमुख की यात्रा ने उन साझा मूल्यों और हितों पर प्रकाश डाला जो भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी को रेखांकित करते हैं। इसका उद्देश्य रक्षा और सुरक्षा क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग और विकास को बढ़ाना है।इससे पहले शुक्रवार को सीओएएस जनरल मनोज पांडे ने अमेरिकी सेना के 1 कोर के मुख्यालय का दौरा किया, जहां उन्होंने स्ट्राइकर यूनिट, मल्टी-डोमेन टास्क फोर्स और विशेष बल समूह पर ब्रीफिंग प्राप्त की, जिसका उद्देश्य अधिक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यों के अवसरों का पता लगाना था। अमेरिका की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा (13-16 फरवरी) के दौरान सेना प्रमुख ने संयुक्त राज्य सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज के साथ चर्चा की, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और वैश्विक शांति और सुरक्षा प्रयासों को बढ़ावा देना था। सेना प्रमुख ने अमेरिकी सेना गार्ड ऑफ ऑनर की समीक्षा करके अपनी यात्रा की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने एक गंभीर समारोह में भाग लिया और आर्लिंगटन राष्ट्रीय कब्रिस्तान में अज्ञात सैनिक की कब्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बता दें यह यात्रा भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों में एक और मील का पत्थर है, जो सैन्य सहयोग बढ़ाने, वैश्विक खतरे की धारणाओं पर रणनीतिक दृष्टिकोण का आदान-प्रदान करने और भविष्य के बल विकास और आधुनिकीकरण की दिशा में मिलकर काम करने की पारस्परिक इच्छा को दर्शाती है।

# कमलनाथ के बीजेपी में शामिल होने की अटकलों के बीच दिल्ली पहुंचे कांग्रेस के कई विधायक

नयी दिल्ली,एजेंसी। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नुकुल नाथ के कांग्रेस छोड़कर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलों के बीच उनके (कमलनाथ)



समर्थक करीब आधा दर्जन विधायक रविवार को दिल्ली पहुंच गये। कमलनाथ के करीबी सूत्रों ने बताया कि यहां पहुंचे मध्य प्रदेश के विधायकों में तीन छिंदवाड़ा से हैं जबकि क्षेत्र के अन्य तीन विधायक दिल्ली के लिए रवाना होने वाले हैं। कमलनाथ छिंदवाड़ा से नौ बार सांसद रह चुके हैं और फिलहाल वहां से वह विधायक हैं। गत नवंबर में हुए मप्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। कमलनाथ के ये समर्थक विधायक फोन कॉल का जवाब नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि कमलनाथ के समर्थक एवं पूर्व मंत्री लखन घनगोरिया भी दिल्ली में उनके साथ डेरा डाले हुए हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं कमलनाथ के समर्थक दीपक सक्सेना ने छिंदवाड़ा में संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद जिस तरह उन्हें प्रदेश पार्टी अध्यक्ष पद से हटाया गया, उससे वह आहत हैं। सक्सेना ने कहा, ''हम चाहते हैं कि उन्हें पूरा सम्मान मिलना चाहिए। वह जो भी निर्णय लेंगे, हम उसमें उनके साथ रहेंगे। कमलनाथ के अन्य समर्थक और राज्य के पूर्व मंत्री विक्रम वर्मा ने अपने 'एक्स प्रोफाइल पर 'जय श्री रामश् लिखा। पूर्व सांसद वर्मा ने कहा, '' मैं कमलनाथ का अनुसरण करूंगा। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने दावा किया कि कमलनाथ का धड़ा 23 विधायकों को अपने साथ लाने का प्रयत्न कर रहा है ताकि दल-बदल कानून उनपर लागू न हो। मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 66 विधायक हैं। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के वकील राकेश पांडे ने 'कहा, '' एक तिहाई विधायकों के पाला बदल लेने की स्थिति में दलबदल कानून लागू नहीं होंगे। इसके पहले मार्च, 2020 में कांग्रेस के एक अन्य वरिष्ठ नेता ज्योतिदिरात्य सिंधिया और उनके कई समर्थक विधायक भाजपा में चले गये थे जिससे कमलनाथ की अगुवाई वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार गिर गयी थी।

# एलेक्सी नवलनी की मौत पर चीन ने झाड़ा पल्ला

## कहा-रूस का आंतरिक मामला

चीन,एजेंसी। चीन के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और इसे रूस का आंतरिक मामला बताया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता कार्यालय ने एएफपी के एक सवाल के जवाब में कहा कि यह रूस का आंतरिक मामला है। मैं कोई टिप्पणी नहीं करूंगा।



रूसी अधिकारियों ने कहा कि क्रेमलिन के सबसे प्रमुख आलोचक नवलनी की शुक्रवार को आर्कटिक जेल में मृत्यु हो गई, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सत्ता पर पकड़ बढ़ाने के लिए होने वाले चुनाव से एक महीने पहले। तीन साल तक हिरासत में रहने और जहर देने के बाद उनकी मृत्यु, जिसके लिए उन्होंने क्रेमलिन को जिम्मेदार ठहराया, गहन दमन और यूक्रेन में मॉस्को के अभियान के समय रूस के विपक्ष को उसके प्रमुख पद से वंचित कर देता है। बीजिंग और मॉस्को कट्टर सहयोगी हैं और उन्होंने अपने रिश्ते को मजबूत किया है, भले ही पश्चिमी देशों ने पड़ोसी यूक्रेन पर सैन्य आक्रमण को लेकर रूस से मुंह मोड़ लिया है। दोनों पक्षों ने दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत संबंधों को भी काफी महत्व दिया है और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने रूसी समकक्ष पुतिन को अपना अच्छा दोस्त बताया है।असंतुष्टों और कुछ पश्चिमी नेताओं ने 47 वर्षीय व्यक्ति की मौत के लिए सीधे तौर पर पुतिन और उनकी सरकार को दोषी ठहराया, जो महीनों तक कठोर हिरासत की स्थिति में बिगड़ते स्वास्थ्य के बाद हुई।

# संक्षिप्त खबरें...

## ईरान में व्यक्ति ने की सामूहिक गोलीबारी, पिता और 11 अन्य रिश्तेदारों की कर दी हत्या

ईरान,एजेंसी। ईरान में एक 30 वर्षीय व्यक्ति ने देश में एक दुर्लभ सामूहिक गोलीबारी में अपने पिता और भाई सहित 12 रिश्तेदारों की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है, उसने कलाश्निकोव असॉल्ट राइफल का इस्तेमाल किया था और बाद में दक्षिण-मध्य प्रांत केरमान में सुरक्षा बलों ने उसे गोली मार दी। उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण गांव में गोलीबारी का कारण पारिवारिक विवाद था।उन्होंने विस्तार से नहीं बताया। ईरान में सामूहिक हत्याएं दुर्लभ हैं, जहां शिकार राइफलें ही एकमात्र हथियार हैं जिन्हें लोगों को रखने की अनुमति है। दो साल पहले, पश्चिमी ईरान में एक सरकारी संस्थान के एक बर्खास्त कर्मचारी ने खुद को मारने से पहले तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी और पांच को घायल कर दिया।

## बीजेपी में जाने की खबरों का मनीष तिवारी ने किया खंडन, कहा, यह पूरी तरह से फर्जी और बकवास

नयी दिल्ली,एजेंसी। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बीजेपी में शामिल होने की अटकलों पर अभी विराम भी नहीं लग पाया था कि एक और नेता मनीष तिवारी की कांग्रेस से मोह भंग होने की खबरों में तूल पकड़ लिया। बताया गया कि मनीष तिवारी जल्द बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। हालांकि, कांग्रेस सांसद ने इन खबरों का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी में जाने की खबरें पूरी तरह फर्जी और बकवास हैं। मामले पर आनंदपुर साहिब से कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी के ऑफिस से एक बयान जारी कर इन खबरों का खंडन भी किया गया है। बयान में कहा गया, मनीष तिवारी के बीजेपी में शामिल होने की खबरें निराधार हैं। वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में हैं और अपने क्षेत्र के विकास कार्यों की देखभाल कर रहे हैं। शनिवार (17 फरवरी) की रात को ही वो कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घर पर रुके थे।पहले के अपडेट के मुताबिक, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी भी बीजेपी के संपर्क में हैं। वह आनंदपुर साहिब से सांसद हैं। लेकिन खबर है कि वो बीजेपी के चुनाव चिन्ह पर लुधियाना लोकसभा से चुनाव लड़ना चाहते हैं। बीजेपी सूत्रों की मानें तो लुधियाना सीट पर पार्टी के पास कई सक्षम उमीदवार हैं। लुधियाना सीट को लेकर अभी भी पेंच फंसा हुआ है। बता दें कि, 17वीं लोकसभा में मनीष तिवारी पंजाब के आनंदपुर साहिब से कांग्रेस सांसद चुने गए। यूपीए सरकार के दौरान वह 2012 से 2014 तक सूचना और प्रसारण मंत्री रहे जबकि 2009 से 2014 तक लुधियाना से सांसद रहे हैं। 2004 के लोकसभा चुनाव हार गए लेकिन शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार को हराकर 2009 में लोकसभा का चुनाव जीता। मनीष तिवारी 1988 से 1993 तक भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ के अध्यक्ष रहे थे।

## राहुल की यात्रा से इंडी गठबंधन अकाल मृत्यु की ओर, साथ छोड़ते जा रहे कांग्रेस के बड़े नेताः सुशील मोदी

पटना,एजेंसी। पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने कहा कि जैसे-जैसे राहुल गांधी की न्याय यात्रा आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे इंडी गठबंधन अकाल मृत्यु के निकट पहुंच रहा है। कांग्रेस के बड़े नेता और गठबंधन के प्रमुख दल एक-एक कर साथ छोड़ते जा रहे हैं। सुशील मोदी ने कहा कि 28 जनवरी को कांग्रेस नेतृत्व वाले गठबंधन के सूत्रधार नीतीश कुमार के साथ छोड़ने और बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनने के साथ विपक्षी खेमे में भगदड़ मच गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के जयंत चैधरी और नेशनल कान्फ्रेंस के नेता फारुख अब्दुल्ला ने इंडी गठबंधन से किनारा कर लिया। ममता बनर्जी ने कांग्रेस को लोकसभा की सिर्फ दो सीट देने की बात की और पश्चिम बंगाल से राहुल गाँधी की यात्रा का गुजरना मुश्किल कर दिया। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को एक सीट भी जीतने का भरोसा नहीं रहा, इसलिए सोनिया गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ने के बजाय राजस्थान से राज्यसभा सांसद बनने का सेफ रूप चुन लिया। सपा उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को केवल 11 सीट दे सकती है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में कांग्रेस के कई बड़े नेता भाजपा के दरवाजे पर खड़े हैं। इन राज्यों के एक-एक पूर्व मुख्यमंत्री हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व के सम्पर्क में हैं। मोदी ने कहा कि राहुल गांधी की अपशकुनी यात्रा जब मुंबई पहुंचेगी, तब तक मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता वाला इंडी गठबंधन अरब सागर में विसर्जित होने वाला होगा।

## पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने जूते किए लॉन्च

वाशिंगटन,एजेंसी। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश द्वारा नागरिक धोखाधड़ी मामले में उन पर और उनकी कंपनियों पर लगभग 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाने के एक दिन बाद एक स्नीकर लाइन लॉन्च की है। पूर्व राष्ट्रपति ने फिलाडेल्फिया में स्नीकर कॉन में ट्रम्प स्नीकर्स का अनावरण किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उन्होंने मंच पर सोने के स्नीकर्स की एक जोड़ी रखी, इसकी कीमत एक नई वेबसाइट पर 399 डॉलर थी और इसे नेवर सरेंडर हाई-टॉप स्नीकरष् नाम दिया गया। 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव लिए उनके और राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच संभावित मुकाबले में जीओपी नामांकन में अग्रणी ट्रम्प ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं 12-13 साल से बात कर रहा हूं, और मुझे लगता है कि यह एक बड़ी सफलता होने जा रही है। शनिवार की रात तक, 399 डॉलर्स के स्नीकर्स को वेबसाइट पर बिक चुके के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। साइट के अनुसार, स्नीकर्स के 1,000 जोड़े खरीद के लिए उपलब्ध थे।

## कतर ने कहा-गाजा में युद्धविराम वार्ता में कोई विशेष प्रगति नहीं, नेतन्याहू ने बताया कारण

राफा,एजेंसी। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के लिए मध्यस्थता कर रहे देश कतर ने कहा है कि इस दिशा में फिलहाल कोई खास प्रगति नहीं हो पाई है। कतर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि हमास के आतंकवादी अपनी 'बेतुकी मांगों पर अड़े हुए हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में ''मानवीय पहलू से जुड़ी समस्याओं का जिक्र किया। नेतन्याहू पर इस बात का बेहद दबाव है कि वह उन बंधकों को सुरक्षित लाएं जिन्हें हमास ने सात अक्टूबर को हमला करने के दौरान कब्जे में लिया था। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के कहने पर इस सप्ताह की शुरुआत में एक प्रतिनिधिमंडल काहिरा भेजा था लेकिन उन्हें अब दोबारा भेजे जाने का कोई तुक नहीं समझ आ रहा। हमास चाहता है कि गाजा में स्थाई युद्धविराम हो और इजराइल फलस्तीन के उन सभी कैदियों को रिहा करे जो उसकी जेलों में बंद हैं। नेतन्याहू ने मिस्र के साथ लगती गाजा की सीमा पर स्थित शहर राफा में जमीनी हमले रोकने के अंततराष्ट्रीय अनुरोध की भी अनदेखी की है। वह किसी भी सूरत में हमले रोकने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमास पर ''पूर्ण विजय के लिए हमले जरूरी हैं। 'एसोसिएटेड प्रेसश् के पत्रकारों और अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार शनिवार को मध्य गाजा में हवाई हमलों में बच्चों सहित 40 से अधिक लोग मारे गए और कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हमास के खिलाफ हमले किये हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि गाजा में अब तक 28,858 लोग मारे गए हैं।

# पाकिस्तान चुनाव 2024ः चुनाव में धांधली हुई

## अब विपक्ष की भूमिका निभाएगी इमरान की पार्टी

पाकिस्तान,एजेंसी।जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने अगली सरकार बनाने के अपने प्रयास विफल होने के बाद चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ देशव्यापी विरोध शुरू करते हुए संसद में विपक्ष में बैठने का फैसला किया है। पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए चुनावों में खंडित फैसला आने के बाद प्रमुख राजनीतिक दलों ने संघीय सरकार बनाने के प्रयास तेज कर दिए हैं।



जहां खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने चुनाव परिणामों में दबदबा बनाए रखा, वहीं पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने सरकार बनाने के लिए पर्याप्त संख्या होने का दावा किया, क्योंकि कुछ निर्दलीय उम्मीदवार नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हो गए।पीटीआई नेता बैरिस्टर मुहम्मद अली सैफ ने शुक्रवार को घोषणा की कि पीटीआई संस्थापक खान के निर्देशों के बाद, पार्टी ने केंद्र और पंजाब जैसे प्रमुख प्रांत में विपक्ष में बैठने का फैसला किया है। यह फैसला पार्टी द्वारा उमर अयूब खान को प्रधानमंत्री पद के लिए और असलम इकबाल को पंजाब के लिए मुख्यमंत्री पद के लिए उम्मीदवार बनाए जाने के एक दिन बाद आया है। इस्लामाबाद में कौमी वतन पार्टी का दौरा करने के बाद शुक्रवार रात मीडिया से बात करते हुए सैफ ने कहा कि पार्टी ने पार्टी संस्थापक खान के निर्देशों के तहत केंद्र और पंजाब में विपक्ष में बैठने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इस हकीकत के बावजूद हमने विपक्ष में बैठने का फैसला किया कि अगर हमें हमारे वोटों के मुताबिक सीटें मिलतीं और नतीजे नहीं बदले होते तो शायद आज हम 180 सीटों के साथ केंद्र में होते। हमारे पास इस बात के सबूत हैं कि हमारे उम्मीदवार जीते हैं। पार्टी ने शुक्रवार को कथित धांधली के खिलाफ एक श्वेत पत्र भी जारी किया, शनिवार से अपना प्रदर्शन शुरू करने का फैसला किया है। पीटीआई के एक सूत्र ने कहा कि पार्टी के जेल में बंद संस्थापक ने पूर्व नेशनल असेंबली स्पीकर असद कैसर को विरोध अभियान के लिए समर्थन जुटाने के लिए राजनीतिक दलों को शामिल करने का काम सौंपा है। कैसर के नेतृत्व में पीटीआई के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जमात-ए-इस्लामी (जेआई) और कौमी वतन पार्टी (क्यूडब्ल्यूपी) के नेता से मुलाकात की, जबकि पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी के महमूद खान अचकजई के साथ बैठक शनिवार को होने वाली है।

# 20 फरवरी को खुलेगा ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक का बनिहाल-संगलदान खंड

श्रीनगर,एजेंसी। भारतीय रेलवे 20 फरवरी को देश की सबसे महत्वाकांक्षी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के 48.1 किलोमीटर लंबे महत्वपूर्ण खंड बनिहाल-खारी-




सुंबर-संगलदान खंड पर ट्रेन सेवाएं शुरू करेगा। रेलवे के एक सूत्र ने बताया, श्रीनगर को कन्याकुमारी से जोड़ने के अपने सपने को साकार करने के लिए हमें एक कदम पूरा करना होगा। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना आजादी के बाद की सबसे महत्वाकांक्षी हिमालयी रेलवे परियोजनाओं में से एक है।रेलवे के सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संगलदान से एक ट्रेन को वस्तुतः हरी झंडी दिखाकर इसका उद्घाटन कर सकते हैं। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। रेलवे के अनुसार 15,863 करोड़ रुपये की लागत से तैयार बनिहाल-खारी-सुंबर-संगलदान खंड रेल संचालन के लिए पूरी तरह से तैयार है और अब बारामूला से बनिहाल तक मौजूदा ट्रेन सेवाओं को संगलदान तक बढ़ाया जाएगा। परियोजना के बारे में बात करते हुए रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा- पीर पंजाल पर्वतमाला के चुनौतीपूर्ण इलाके में यूएसबीआरएल का उद्देश्य एक सभी मौसम के लिए आरामदायक और आर्थिक रूप से व्यवहार्य परिवहन नेटवर्क स्थापित करना है, जो दूरदराज के हिमालयी क्षेत्रों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। यूएसबीआरएल परियोजना कश्मीर घाटी को जम्मू क्षेत्र और राष्ट्रीय रेल नेटवर्क के साथ एकीकृत करने का प्रयास करती है, जिसकी कुल लंबाई 272 किलोमीटर है, जिसमें से 161 किलोमीटर पहले ही चालू हो चुकी है। वरिष्ठ अधिकारी ने आगे कहा- इस नवनिर्मित खंड में 16 पुल हैं, जिसमें 11 बड़े, चार छोटे और एक सड़क ओवरब्रिज शामिल है। इस खंड का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सुरंगों से होकर गुजरता है और इस खंड पर कुल 11 सुरंगें हैं, जो 43.37 किलोमीटर मार्ग पर बनी है। इसमें देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग टी-50 भी शामिल है, जो खारी-सुंबर खंड में 12.77 किलोमीटर तक फैली है।

# फ्रॉड केस में बुरे फंसे डोनाल्ड ट्रम्प

## समर्थकों ने शुरू किया GoFundMe अभियान

नई दिल्ली,एजेंसी।डोनाल्ड ट्रम्प को शुक्रवार को राज्य को 354,868,768 डॉलर का जुर्माना और ब्याज अदा करने का आदेश दिया गया। न्यायमूर्ति आर्थर एंगोरोन के फैसले के कुछ ही घंटों बाद, ट्रम्प समर्थकों ने 'अन्यायपूर्ण फैसले' के लिए 355 मिलियन का GoFundMe अभियान शुरू किया। धन संचयन स्टैंड विद ट्रम्प को अब तक दान में त्र34,797 प्राप्त हुए हैं। एंगोरोन के फैसले के बाद, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने अदालत में न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स को पूरी तरह से भ्रष्ट कहा।धन संचयन की स्थापना रियल एस्टेट निवेशक और प्रभावशाली ग्रांट कार्डोन की पत्नी एलेना कार्डोन ने की थी। धन संचयन के विवरण में ऐलेना खुद को अमेरिकी मूल्यों का प्रबल समर्थक और न्याय के लिए एक वकील के रूप में वर्णित करती है। वह आगे कहती हैं, मैं न्यूयॉर्क में



कुछ न्यायिक तत्वों द्वारा अभूतपूर्व और अनुचित व्यवहार के सामने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ दृढ़ता से खड़ी हूं। ऐलेना के धन संचयकर्ता ने ट्रम्प के राष्ट्रपति पद की सराहना करते हुए कहा, 'अपने पूरे राष्ट्रपति काल और उसके बाद, ट्रम्प ने इस देश के लिए अथक संघर्ष किया है, उन स्वतंत्रताओं और सिद्धांतों को संरक्षित करने के लिए सब कुछ जोखिम में डाला है जो हमें एक राष्ट्र के रूप में परिभाषित करते हैं।' भारी धन संचयन को लेकर विवाद के बावजूद, अभियान की स्थापना के कुछ ही घंटों बाद दान का प्रवाह देखा गया है। लेखन के समय, ट्रम्प के अभियान के लिए 921 दान प्राप्त हुए हैं।ट्रम्प की कट्टर समर्थक होने के बावजूद, दूर-दराज़ कार्यकर्ता लॉरा लूमर ने साथी समर्थकों को GoFundMe अभियान में दान देने के खिलाफ चेतावनी दी। उनका संदेश मंच पर ट्रम्प के लिए उनकी पत्नी द्वारा धन जुटाने के बारे में ग्रांट की घोषणा के जवाब में था।

# जायसवाल ने की वीरेंद्र सहवाग के क्लब में एंट्री, वीरू ने की तारीफ

नई दिल्ली,एजेंसी। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अपने बल्ले से कमाल दिखा रहे हैं। उन्होंने अब एक और शानदार पारी खेली है। यशस्वी ने शनिवार को राजकोट में जारी तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और शतक लगाया। वह 133 गेंदों में 104 रन बनाकर रिटायर्ट हर्ट हो गए। उन्होंने इस दौरान 9 चौके और 5 छक्के भी जड़े। ये उनका टेस्ट करियर का तीसरा शतक जबकि इस सीरीज का दूसरा शतक था। इसके साथ ही वह वीरेंद्र सहवाग के खास क्लब में शामिल हो गए। बता दें कि, यशस्वी संयुक्त रूप से सातवें सबसे तेज टेस्ट शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 13 टेस्ट पारियों में ये कारनामा किया है। सहवाग और पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भी इतनी ही पारियों में ऐसा किया था। यशस्वी के तीसरे टेस्ट शतक केबाद सहवाग ने उनकी तारीफ की। सहवाग ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''यशस्वी का बैक टू बैक शतक। स्पिनरों के खिलाफ वैसा ही खेले, जैसा खेला जाना चाहिए। दे दना दन।' भारत की ओर से राजकोट टेस्ट में अब तक तीन खिलाड़ी सेंचुरी जमा चुके हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने पहली पारी में 131 और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने 112 रन बनाए थे। बता दें कि, 6 साल बाद तीन भारतीयों ने एक ही टेस्ट में शतक लगाया है। इंग्लैंड से पहले 2018 में वेस्टइंडीज के विरुद्ध ये दमदार नजारा दिखा था। दिलचस्प बात ये है कि तब राजकोट के मैदान पर पृथ्वी शा, विराट कोहली और जडेजा ने सैकड़ा बनाया था।



## तीसरे दिन भारत की 300 रन से ज्यादा बढ़त, यशस्वी-गिल की बेहतरीन पारी

भारत और इंग्लैंड 5 मैच की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला जा रहा है। वहीं तीसरे दिन का खेल खत्म हुआ। शनिवार को तीसरे दिन भारत का दबदबा रहा जहां स्टंप्स के समय भारत का दूसरी पारी में स्कोर 51 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 196 रन था। यशस्वी जायसवाल सेंचुरी जड़कर रिटायर्ड हर्ट हो गए। उन्होंने 133 गेंदों में 9 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 104 रन बटोरे। भारत की कुल बढ़त 322 रन की हो चुकी है। वहीं भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाए, जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम आज 319 पर ही ढेर हो गई। भारतीय टीम को 126 रन की बढ़त मिली। इंग्लैंड के लिए बेन डकेट ने 153 रनों की शानदार पारी खेली। उनके अलावा कोई भी इंग्लिश बल्लेबाज 50 रन का आंकड़ा नहीं छू पाया। भारत के लिए मोहम्मद सिराज ने 4 तो कुलदीप और रविंद्र जडेजा ने 2-2 विकेट चटकाए। भारत की दूसरी पारी में शुरुआत कुछ खास नहीं रही। पहली पारी में शतक जड़ने वाले कप्तान रोहित शर्मा 28 गेंदों में 19 रन ही बना सके। उन्हें टी ब्रेक से पहले जो रूट ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट किया। रजत पाटीदार 10 गेंदों का सामना करने के बाद खाता नहीं खोल पाए।

# तुर्की महिला फुटबॉल कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में होने वाले तुर्की महिला कप 2024 के लिए रविवार को 23 सदस्यीय महिला सीनियर टीम की घोषणा की।



भारतीय टीम सोमवार को तुर्की रवाना होगी। इससे पहले भारत ने 2019 और 2021 में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। भारत चार देशों के इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 21 फरवरी को एस्तोनिया के खिलाफ खेलेगा। राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में भारत इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से भिड़ेगा। तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चैंपियन बनेगी। भारतीय टीम इस प्रकार हैः गोलकीपरः श्रेया हुडा, इलांगबाम पंथोई चानू, मोनालिसा देवी मोइरांगथेम डिफेंडरः आशालता देवी लोइटोंगबीएम, रंजना चानू सोरोखैबम, डालिमा छिब्बर, जूली किशन, अस्तम ओरांव, शिल्की देवी हेमम। मिडफील्डरः अंजू तमांग, संगीता बासफोर, कार्तिका अंगमुथु, मनीषा, काजोल डिसूजा, इंदुमथी कथिरेसन। फॉरवर्डः ग्रेस डांगमेई, सौम्या गुगलोथ, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर, संध्या रंगनाथन, संजू, प्यारी ज़ाक्सा, काव्या पक्किरसामी, ज्योति। मुख्य कोचः लैंगम चाओबा देवी।

# ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों ने 165 किमी तैराकर बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

नई दिल्ली,एजेंसी। ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) से पीड़ित बच्चों के एक समूह ने कुड्डालोर से चेन्नई तक 165 किलोमीटर तैराकी करके नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। नौ से 19 वर्ष के 14 बच्चों ने गजब की प्रतिबद्धता दिखाई और तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र में तैराकी करके इतिहास रचा। इस समुद्री तैराकी अभियान का आयोजन रिले प्रारूप में किया गया था। इस दौरान उनके ट्रेनर नाव में सवार थे। 'यादवी स्पोर्ट्स एकेडमी फॉर स्पेशल नीड्स' के संस्थापक और मुख्य कोच सतीश शिवकुमार ने कहा कि इसतरह से इन बच्चों ने 'विश्व रिकॉर्ड' बनाया। उन्होंने कहा, ''मुझे इन बच्चों की प्रतिबद्धता और जज्बे पर गर्व है। ऑटिज्म से पीड़ित इन 14 बच्चों का समुद्री तैराकी अभियान एक उपलब्धि से भी बढ़कर है।'' ऑटिज्म एक न्यूरोलॉजिकल विकार है जो पीड़ित का दूसरों के साथ संपर्क को प्रभावित करता है। तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक सी सिलेंद्र बाबू ने बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा, ''भागीदारों में तीन बच्चे ऐसे थे जिन्होंने लगातार 17 किलोमीटर तक तैराकी की जबकि एक लड़की 10 किलोमीटर तक लगातार तैरती रही। उन्होंने दिखाया कि विकलांगता उनकी राह में रोड़ा नहीं बन सकती है।



# भारतीय महिलाओं ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचा

मलेशिया। युवा अनमोल खरब ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिससे भारतीय महिलाओं ने रविवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से पराजित करके इस प्रतियोगिता में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। पीवी सिंधु की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम ने तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा दो बार के कांस्य पदक विजेता थाईलैंड को हराया। थाईलैंड हालांकि अपनी दो चोटी की खिलाड़ियों विश्व में नंबर 13 रतचानोक इंतानोन और विश्व में नंबर 16 पोर्नपावी चोचुवोंग के बिना इस प्रतियोगिता में उतरा था जिसका भारत को फायदा मिला। चोटिल होने के कारण लगभग चार महीने तक कोर्ट से बाहर रहने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने आक्रामक खेल का नजारा पेश किया और पहले एकल में दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपनिडा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से हरा कर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की विश्व में 23वें नंबर की जोड़ी ने भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा तथाा जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्रा जोंगजई की विश्व में दसवें नंबर की जोड़ी को 21-16, 18-21, 21-16 से पराजित करके भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। शनिवार को जापान की पूर्व विश्व चैंपियन नोज़ोमी ओकुहारा के खिलाफ शानदार जीत के बाद अश्मिता चालिहा से काफी उम्मीदें लगाई जा रही थी लेकिन वह दूसरे एकल में विश्व की 18वें नंबर की खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरुंगफ़ान से 11-21 14-21 हार गई। युवा श्रुति मिश्रा और सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया कोन्जेंगबाम को बेन्यापा ऐम्साई और नुनटाकर्न ऐम्साई की दुनिया की 13वें नंबर की जोड़ी से 11-21, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा जिससे मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया। अब भारत को जीत दिलाने का दारोमदार अनमोल खराब पर टिका था जिन्होंने विश्व में 45वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपिचा चोइकीवोंग को 21-14 21-9 से हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिला दिया। भारत की इस शानदार जीत के बाद सभी खिलाड़ियों ने अनमोल को गले लगा दिया। भारत ने इससे पहले इस प्रतियोगिता में दो पदक जीते थे।



# लिवरपूल और आर्सेनल की बड़ी जीत, मैनचेस्टर सिटी नीचे खिसका



लिवरपूल और आर्सेनल ने बड़ी जीत दर्ज करके इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताबी दौड़ को रोचक बना दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी अपना मैच ड्रॉ खेलने के कारण नीचे खिसक गया। शीर्ष पर काबिज लिवरपूल ने ब्रेंटफ़ोर्ड में 4-1 से और आर्सेनल ने बर्नले को 5-0 से हराया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने चेल्सी के साथ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। प्रीमियर लीग में अभी काफी फुटबॉल खेली जानी है और मैनचेस्टर सिटी को एक अतिरिक्त मैच खेलना है, लेकिन मौजूदा चैंपियन टीम का प्रतियोगिता के इस चरण में नीचे खिसकना महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है। मैनचेस्टर सिटी के पूर्व खिलाड़ी राहीम स्टर्लिंग ने पहले हाफ में गोल करके चेल्सी को बढ़त दिलाई। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से रोड्री ने 83वें मिनट में बराबरी का गोल किया।

# विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ी गिरावट

## 5.24 बिलियन डॉलर घटकर 617.23 अरब डॉलर पर गया फॉरेक्स रिजर्व

नयी दिल्ली,एजेंसी। विदेशी मुद्रा भंडार में बड़ी गिरावट आई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने डेटा जारी कर बताया है कि 9 फरवरी 2024 को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में 5.24 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है जबकि इसके पहले हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार में 5.73 बिलियन डॉलर का उछाल देखने को मिला था। आरबीआई ने शुक्रवार 16 फरवरी, 2024 को विदेशी मुद्रा भंडार का आंकड़ा जारी किया है। इस डेटा के मुताबिक विदेशी मुद्रा भंडार 5.24 बिलियन डॉलर घटकर 617.23 बिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है जो इसके पहले हफ्ते में 622.469 बिलियन डॉलर रहा था। आरबीआई के डेटा के मुताबिक विदेशी करेंसी एसेट्स में भी भारी कमी आई है। विदेशी करेंसी एसेट्स 4.80 अरब डॉलर की कमी के साथ 546.52 बिलियन डॉलर पर आ गया है। आरबीआई के गोल्ड रिजर्व में गिरावट देखने को मिली है। आरबीआई का गोल्ड रिजर्व 350 मिलियन डॉलर की कमी के साथ 47.73 बिलियन डॉलर पर आ गया है। एसडीआर में भी गिरावट आई है और ये घटकर 55 मिलियन डॉलर घटकर 18.13 बिसियन डॉलर रहा है। इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड में जमा रिजर्व में भी गिरावट आई है और ये 28 मिलियन डॉलर की कमी के साथ 4.82 बिलियन डॉलर रहा है। 16 फरवरी 2024 को करेंसी मार्केट में डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती देखने को मिली है। एक डॉलर के मुकाबले रुपया 4 पैसे की मजबूती के साथ 83.01 के लेवल पर क्लोज हुआ है जो कि एक ट्रेडिंग सेशन पहले 83.05 रुपए के लेवल पर क्लोज हुआ था। विदेशी करेंसी एसेट्स में तब बड़ा बदलाव देखने को मिलता है जब आरबीआई करेंसी मार्केट्स में घरेलू करेंसी को स्टेबल करने के लिए दखल देता है। करेंसी मार्केट्स में हस्तक्षेप के चलते विदेशी करेंसी एसेट्स में बढ़ोतरी या फिर गिरावट आती है जिसके चलते आरबीआई के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ता है। आरबीआई गवर्नर पहले ही कह चुके हैं कि देश के एक्सटर्नल फाइनेंसिंग जरुरतों को पूरा करने में भारत पूरी तरह से सक्षम है।



# एफपीआई ने फरवरी में अबतक शेयरों से 3,776 करोड़ रुपये निकाले

नयी दिल्ली। अमेरिकी में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने और घरेलू तथा वैश्विक मोर्चे पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों से3,776 करोड़ रुपये निकाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, विदेशी निवेशक ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर उत्साहित हैं और समीक्षाधीन अवधि में उन्होंने बॉन्ड बाजार में 16,560 करोड़ रुपये डाले हैं। आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अबतक (16 फरवरी तक) शेयर बाजारों से शुद्ध रूप से 3,776 करोड़ रुपये की निकासी की है। इससे पहले उन्होंने जनवरी में शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये निकाले थे। इसके साथ, इस साल उनकी कुल निकासी 29,519 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''अपेक्षा से अधिक उपभोक्ता मुद्रास्फीति के कारण अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ा है जिससे एफपीआई लगातार बिकवाल बने हुए हैं।'' मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा, ताजा बिकवाली की वजह घरेलू और वैश्विक स्तर पर ब्याज दर को लेकर अनिश्चितता भी है। आंकड़ों के मुताबिक, इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये डाले थे। दिसंबर में उन्होंने 18,302 करोड़ रुपये, नवंबर में 14,860 करोड़ रुपये और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। सितंबर 2023 में, जेपी मॉर्गन चेज़ एंड कंपनी ने घोषणा की थी कि वह जून, 2024 से अपने बेंचमार्क उभरते बाजार सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल करेगी। इस कदम ने पिछले कुछ महीनों में देश के बॉन्ड बाजारों में प्रवाह बढ़ा है। कुल मिलाकर, 2023 के लिए कुल एफपीआई प्रवाह शेयरों में 1.71 लाख करोड़ रुपये और ऋण बाजारों में 68,663 करोड़ रुपये रहा। कुल मिलाकर पूंजी बाजार में उनका निवेश 2.4 लाख करोड़ रुपये रहा था।




# अगले वित्त वर्ष में दोपहिया उद्योग राजस्व में दो अंकीय वृद्धि दर्ज करेगाः हीरो मोटोकॉर्प

नई दिल्ली,एजेंसी। हीरो मोटोकॉर्प को अगले वित्त वर्ष (2024-25) में दोपहिया उद्योग के राजस्व में दो अंकीय या 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि का भरोसा है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निरंजन गुप्ता का मानना है कि प्रीमियम मॉडल की मांग और तेजी पकड़ेगी, जिससे उद्योग अपने राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज करेगा। देश की दूसरी सबसे बड़ी दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कुल 10,031 करोड़ रुपये की आमदनी दर्ज की है। कंपनी का मानना है कि आगे चलकर प्रवेश स्तर के वाहन खंड का प्रदर्शन भी और बेहतर होगा। गुप्ता ने एक विश्लेषक कॉल में कहा, ''जहां तक मांग का सवाल है,

# भारत के ताजे फलों के निर्यात में 29% की वृद्धि, 111 देशों तक पहुंच

नयी दिल्ली,एजेंसी। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से दिसंबर 2023 तक 9 महीने की अवधि में 29 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के साथ ताजे फल भारत के कृषि निर्यात में एक उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्त्ता के रूप में उभरे हैं। भारत के ताजे फलों का बाजार इस अवधि के दौरान पिछले वर्ष के 102 देशों की तुलना में 111 देशों में फैल गया है। यह 100 मिलियन डॉलर से अधिक के निर्यात की श्रेणी में अग्रणी है। अप्रैल-नवंबर 2023 के दौरान कई प्रमुख वस्तुओं में पिछले वर्ष की तुलना में पर्याप्त वृद्धि देखी गई, जैसे केले 63 प्रतिशत और केसर व दशहरी आम क्रमशः 120 और 140 प्रतिशत, दाल (सूखी और छिलके वाली) 110 प्रतिशत, ताजे अंडे 160 प्रतिशत। अप्रैल से दिसंबर 2023 की अवधि के दौरान बासमती चावल का निर्यात मूल्य 19 प्रतिशत बढ़ गया, जो पिछले वर्ष के 3.33 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में 3.97 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया। इसके साथ ही निर्यात की मात्रा में 11 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो समान समय-सीमा के भीतर 31.98 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 35.43 लाख मीट्रिक टन हो गई। बासमती चावल ने शीर्ष बाजारों में अपनी जगह बना ली है। ईरान, इराक, सऊदी अरब, अमरीका और संयुक्त अरब अमीरात इन निर्यातों के लिए शीर्ष पांच गंतव्यों के रूप में उभरे हैं। यह मजबूत प्रदर्शन बासमती चावल की स्थायी लोकप्रियता और वैश्विक मांग को रेखांकित करता है, जिससे भारत के निर्यात पोर्टफोलियो में एक प्रमुख कृषि उत्पाद के रूप में इसकी स्थिति और मजबूत हो गई है। इस अवधि के दौरान प्रसंस्कृत सब्जियों के निर्यात में भी 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके बाद विविध प्रसंस्कृत वस्तुओं का निर्यात बढ़ा। ताजी सब्जियों की बिक्री में भी पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में पर्याप्त वृद्धि देखी गई। अप्रैल-दिसंबर, 2023 की अवधि में एपीडा की निर्यात टोकरी में 23 प्रमुख वस्तुओं (पी.सी.) में से 18 ने सकारात्मक वृद्धि प्रदर्शित की। विशेष रूप से आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले वर्ष 100 मिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक निर्यात वाले 15 बड़े पी.सी. में से 13 में सकारात्मक वृद्धि हुई, औसत वृद्धि दर 12 प्रतिशत रही। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान भारत का कृषि निर्यात 53.1 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच गया था, जिसमें एपीडा की कमोडिटी बास्केट का भारत के कृषि-निर्यात में 51 प्रतिशत का महत्वपूर्ण योगदान था।



# सरकार ने एफसीआई की अधिकृत पूंजी बढ़ाकर 21,000 करोड़ रुपए की

नयी दिल्ली,एजेंसी। सरकार ने परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की अधिकृत पूंजी 10,000 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 21,000 करोड़ रुपए कर दी है। खाद्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। एफसीआई केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी है जो किसानों के हितों की रक्षा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खाद्यान्न की खरीद करता है। यह रणनीतिक भंडारण भी बनाए रखता है और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत अनाज वितरित करता है। मंत्रालय ने बयान में कहा, 'अधिकृत पूंजी में वृद्धि अपने अधिदेश को प्रभावी ढंग से पूरा करने में एफसीआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।' इसमें कहा गया कि एफसीआई कोष की जरूरत को पूरा करने के लिए नकद ऋण, अल्पकालिक ऋण, अर्थोपाय आदि का सहारा लेता है। अधिकृत पूंजी में वृद्धि से ब्याज का बोझ कम होगा, आर्थिक लागत कम होगी और अंततः सरकारी सब्सिडी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। पूंजी के इस प्रवाह के साथ एफसीआई अपनी भंडारण इकाइयों के आधुनिकीकरण, परिवहन नेटवर्क में सुधार और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर भी काम करेगा। मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि ये उपाय फसल के बाद के नुकसान को कम करने और उपभोक्ताओं को खाद्यान्न के कुशल वितरण के लिए जरूरी हैं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक- डॉ. वरुण कुमार उपाध्याय द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा.लि.,जी.टी. रोड रोहनियां, वाराणसी से मुद्रित कराकर एन 8/250 टी 24ए, राजेन्द्र विहार कॉलोनी, सुन्दरपुर, वाराणस-221005 से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक- *प्रवीण कुमार राय*

RNI No. : UPHIN/2023/84879 Mob. - 9335988525 Email : pdnewsvns@gmail.com समस्त विवादों का निस्तारण वाराणसी न्यायालय के अधीन ही होंगे। खबरों के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेदार होंगे।

## 'वांटेड' की हीरोइन आयशा टाकिया याद हैं? सालों बाद इतना बदल गईं



सलमान खान स्टारर फिल्म 'वॉन्टेड' की हिरोइन रहीं आयशा टाकिया काफी टाइम बाद पब्लिकली स्पॉट की गई, आयशा टाकिया एयरपोर्ट पर नजर आईं, इस दौरान आयशा को पहचानना मुश्किल हो गया वांटेड एक्ट्रेस आयशा टाकिया को सालों बाद देखकर फैंस परेशान हो गए क्योंकि एक्ट्रेस का चेहरे पहचानना मुश्किल हो रहा है। हाल ही में पैपराजी ने आयशा टाकिया को उनके परिवार के साथ स्पॉट किया। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया जिसे देखकर फैंस के होश उड़ गए। एक्ट्रेस ने कैमरे के लिए पोज किया।आयशा टाकिया फिल्मी दुनिया से लंबे वक्त से दूर है। छोटे से करियर में उन्होंने कई बड़े स्टार्स के साथ काम किया। साल 2009 में आई वांटेड में सलमान और आयशा की जोड़ी बनी थी और सुपरहिट रही थी। फैंस को फिल्म में दोनों की जोड़ी बेहद पसंद आई थे। वहीं, अब सालों बाद उन्हें देखकर फैंस परेशान हो गए, क्योंकि एक्ट्रेस का चेहरे पहचानना मुश्किल हो रहा है।आयशा टाकिया को हाल ही में पैपराजी ने उनके परिवार के साथ स्पॉट किया। एक्ट्रेस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया, जिसे देखकर फैंस के होश उड़ गए।आयशा टाकिया का चेहरा बदला हुआ लग रहा है सालों बाद सामने आए आयशा टाकिया के इस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने कहा, 'इसकी शक्ल को क्या हो गया।' एक अन्य यूजर ने कहा, 'डोनाल्ड डक वाले होंठ।' वहीं, हैरान होते हुए एक यूजर ने कहा, 'बहुत बदल गई हैं।' आयशा वीडियो में डार्क ब्लू कलर के सलवार कमीज में नजर आ रही हैं।एक यूजर ने तो आयशा टाकिया की तुलना राखी सावंत से कर दी। कमेंट करते एक और यूजर ने कहा, 'बोलना तो नहीं चाहिए, लेकिन अच्छे खासे चेहरे की धज्जियां उड़ा दी बुलडॉग कर दिया।' इतने कमेंट्स के बाद भी वीडियो पर लोग रिएक्ट करते जा रहे हैं।आयशा टाकिया बतौर चाइल्ड पहली बार कॉम्प्लेन के एड में नजर आई थीं, एड में उनके साथ शाहिद कपूर भी थे। अब बात करें फिल्मी सफर की तो उन्होंने 13 साल की उम्र से काम करना शुरू कर दिया था। इसके अलावा एक्ट्रेस ने डिज्नी चैनल के लिए भी काम किया था। वहीं, बॉलीवुड में उन्होंने सुपरनैचुरल एक्शन थ्रिलर फिल्म टार्जन द वंडर कार के साथ कदम रखा था। आयशा टाकिया को डेब्यू फिल्म टार्जन केलिए उन्हें बेस्ट फीमेल डेब्यू का फिल्मफेयर और आईफा अवॉर्ड मिला था। उनके ग्लैमर और एक्टिंग को खूब पसंद किया गया था। इसके बाद एक्ट्रेस ने दिल मांगे मोर, संडे, सलाम-ए-इश्क, कैश, सोचा न था, शादी नंबर 1, होम डिलीवरी समेत कई फिल्मों में काम किया। आयशा टाकिया साल 2009 में महज 23 साल की उम्र में ब्वॉयफ्रेंड फरहान आजमी से शादी की, जो रेस्तरां के मालिक हैं। फरहान के पिता अबू आजमी समाजवादी पार्टी के लीडर हैं। आयशा टाकिया की डूबते करियर को सहारा सलमान खान की फिल्म वांटेड ने दिया। एक्ट्रेस की ज्यादातर फिल्में फ्लॉप रही थी। वांटेड फिल्म हिट हुई और एक्ट्रेस भी लाइमलाइट में आ गई। इस फिल्म में उनकी एक्टिंग और खूबसूरती ने हर किसी का ध्यान खींचा।


## एक्टर विक्की कौशल हाथ में फ्रैक्चर के बावजूद कर रहे वर्कआउट



एक्टर विक्की कौशल को वर्कआउट करना बहुत पसंद है। चोटिल होने के बावजूद वह जिम में पसीना बहाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। शुक्रवार को विक्की ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्हें आर्म कास्ट पहने हुए बैठे हुए क्रंचेज करते देखा जा सकता है।उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, 'जब हम दौड़ नहीं सकते, तो हम चलते हैं3 हम रुकते नहीं हैं।' कथित तौर पर अपनी आगामी फिल्म 'छावा' की शूटिंग के दौरान विक्की के हाथ में चोट लग गई। 'छावा' फिल्म की बात करें तो इसमें रश्मिका मंदाना भी हैं।रश्मिका ने हाल ही में छावा की शूटिंग पूरी की है। शूटिंग खत्म करने के बाद, उन्होंने फिल्म के निर्देशक, निर्माता और अन्य टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए एक नोट लिखा। सैम बहादुर स्टार के लिए, जिनके साथ वह पहली बार काम कर रही हैं, उन्होंने लिखा, 'आपके साथ काम करना बहुत आनंददायक रहा। आप बहुत गर्मजोशी भरे और दयालु हैं (आखिरी दिन को छोड़कर जब आप मेरा केस ले रहे थे) लेकिन अधिकांश दिनों में आप अद्भुत थे। मैं मजाक कर रहा हूं..आप एक रत्न हैं। मैं हमेशा आपके लिए सर्वश्रेष्ठ की कामना करूंगा। बहुत खुशी हुई। मां ने मुझे आपको शुभकामनाएं देने के लिए कहा है। 'फिल्म के निर्देशक लक्ष्मण उतेकर के बारे में बात करते हुए, उन्होंने लिखा, 'मुझे आश्चर्य है कि एक आदमी इतने बड़े सेट को कम से कम 1500 काम करने वाले लोगों के साथ इतनी शांति और शांति के साथ कैसे संभाल सकता है..सर आपने मुझे येसुबाई के रूप में देखा है जब दुनिया में कोई नहीं है इस बारे में तो सोचा भी जा सकता था।विक्की एक आगामी अनाम रोमांटिक ड्रामा फिल्म में भी दिखाई देंगे। आनंद तिवारी द्वारा निर्देशित और करण जौहर द्वारा निर्मित इस फिल्म में तृप्ति डिमरी और एमी व्रिक भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## सुरभि चंदना ने दुल्हन बनने से पहले दोस्तों संग मनाई बैचुलर पार्टी, सामने आई तस्वीरें

नागिन फेम एक्ट्रेस सुरभि चंदना जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली है। शादी की तैयारियां भी सुरभि ने शुरु कर दी हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने अपने होने वाले पति देव के साथ फोटोशूट करवाया था। वहीं अब उन्होंने अपनी गर्ल्स गैंग के साथ बैचुलर पार्टी एंजॉय की है। सुरभि की बैचुलर पार्टी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही हैं। उनकी इस बैचुलर पार्टी में एक्ट्रेस के करीबी दोस्त ही शामिल हुए।



फ्लोरल ड्रेस में दिखी खूबसूरत

बैचुलर पार्टी में सुरभि काफी सिंपल आउटफिट पहने हुए नजर आई। उन्होंने इस दौरान यैलो कलर की फ्लोरल ड्रेस पहनी जिसके साथ उन्होंने ब्राइड टू बी का टैग भी पहना। इस पार्टी में उनके सिर्फ करीबी दोस्त शामिल हुए। आपको बता दें कि यह पार्टी सुरभि को उनकी दोस्तों ने दी थी। सुरभि ने खुद इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए बताया कि उनकी दोस्तों ने कहा कि वह एक पूजा में जा रहे हैं और फिर एक्ट्रेस को एक होटल में पार्टी के लिए ले आए।

ग्लैमरस अंदाज में दिखी एक्ट्रेस

सुरभि चंदना श्रेनु पारिख, मानसी श्रीवास्तव के साथ बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करती हैं। तीनों एक्ट्रेसेज टीवी सीरियल इश्कबाज में एक साथ काम कर चुकी हैं। ऐसे में उन्हें यह बैचुलर पार्टी दोस्तों ने ही दी थी। सुरभि के दोस्तों ने उनका रुम डैकोरेट किया था। वहीं इस दौरान उन्होंने पूल साइड पार्टी भी जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी छाई हुई हैं। इन तस्वीरों में सारी सहेलियां एक साथ पूल साइड मस्ती करती हुई दिख रही हैं वहीं दूसरी और कैमरा के लिए पूरी गर्ल गैंग के साथ पोज करती नजर आ रही हैं।

सुरभि ने काटा केक

इंस्टा पर सुरभि चंदना ने भी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि उन्होंने केक भी काटा है। उनका रुम भी इस दौरान काफी डेकोरेट किया गया है।

लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रैंड संग करेगी शादी

एक्ट्रेस जल्द ही अपने लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रैंड करण शर्मा के साथ शादी करने वाली हैं। वहीं अगर बात सुरभि के वर्कफ्रंट की करें तो सुरभिद चंदना श्इश्कबाजश् और श्नागिन 5श् जैसे शोज में नजर आ चुकी हैं। श्नागिन 5श् में वह शरद मल्हौत्रा के साथ दिखी थी और दोनों की जोड़ी को फैंस ने खूब पसंद भी किया था।

## भरत तख्तानी से अलग होने के बाद राजनीति में आएंगी ईशा देओल, हेमा मालिनी ने किया बड़ा खुलासा!



ईशा देओल, भरत तख्तानी तलाकः हेमा मालिनी की बेटी ने 7 फरवरी, 2024 को पूरी दुनिया को आश्चर्यचकित करते हुए अपने पति से अलग होने की घोषणा की। ईशा और भरत के बीच परेशानी की अटकलें काफी समय से लगाई जा रही हैं। एक तरफ अफवाह है कि मां हेमा मालिनी अपनी बेटी के फैसले में दखल नहीं दे रही हैं और उसे खुद फैसला लेने दे रही हैं । हालाँकि, बताया जाता है कि पिता धर्मेंद्र देओल तलाक से नाराज़ हैं और चाहते हैं कि ईशा और भरत अपने फैसले पर दोबारा विचार करें। इन सबके बीच ऐसी खबरें जोरों पर थीं कि अलग होने के बाद ईशा अब अपने बॉलीवुड करियर पर ध्यान देंगी। विडंबना यह है कि हाल ही में एक साक्षात्कार के अनुसार, हेमा मालिनी ने कहा कि ईशा का झुकाव राजनीति की ओर है और वह जल्द ही एक राजनीतिक पार्टी में भी शामिल हो सकती हैं।एबीपी के साथ एक साक्षात्कार में, भाजपा नेता हेमा मालिनी ने बताया कि कैसे उनके परिवार ने उनके राजनीतिक करियर में बहुत सहयोग किया है। अभिनेत्री ने कहा कि यह उनके समर्थन के कारण है कि वह मथुरा और मुंबई के बीच अपने जीवन को आसानी से संतुलित कर रही हैं। हेमा मालिनी का कहना है कि धर्मेंद्र देओल उनके राजनीतिक करियर से बेहद खुश हैं और दिग्गज अभिनेता कभी-कभी उनके साथ मथुरा भी जाते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या देओल की अगली पीढ़ी से कोई राजनीति में आना चाहता है, अभिनेत्री ने कहा कि अगर किसी को दिलचस्पी है तो वे निश्चित रूप से राजनीति में शामिल हो सकते हैं। हेमा मालिनी ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि उनकी बेटी ईशा देओल का झुकाव निश्चित रूप से राजनीति की ओर है और वह अक्सर इसके बारे में बात करती रहती हैं। दिग्गज अभिनेत्री ने कहा कि शायद आने वाले वर्षों में, अगर ईशा को अभी भी राजनीति में दिलचस्पी है, तो वह जल्द ही इसमें शामिल हो सकती हैं।भरत और ईशा के अलगाव के बारे में बात करते हुए, दोनों ने अपने तलाक के बारे में कोई सोशल मीडिया पोस्ट नहीं किया था। ईशा और भरत बचपन से प्रेमी-प्रेमिका थे और उन्होंने साल 2012 में शादी कर ली थी। फिलहाल, उनकी बेटियां राध्या और मिराया ईशा के साथ रह रही हैं। क्या पूर्व जोड़ा संयुक्त अभिरक्षा साझा करेगा या बेटियां एक विशिष्ट माता-पिता के साथ रहेंगी, यह अभी भी तय नहीं है।

## लगातार आती खांसी को न लें हल्के में, हो सकता है लंग कैंसर का शुरुआती लक्षण

इन दिनों बदलते मौसम के चलते लोगों को सर्दी-जुकाम और खांसी का शिकार हो रहे हैं। हम खांसी जैसी बीमारी को हल्के में लेते हैं, पर ऐसा करना सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। लंबे वक्त तक खांसी आना फेफड़ों के कैंसर की ओर इशारा हो सकता है। लंग्स छाती में मौजूद जरुरी अंग होते हैं, जो सांस लेते समय ऑक्सीजन लेते हैं और सांस छोड़ते समय कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालते हैं। लंग्स कैंसर की शुरुआत यहीं से होती है। ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति बहुत ज्यादा स्मोक करता है उन्हें इस कैंसर का खतरा रहता है। वहीं ये कैंसर अन्य नशीले पदार्थों जैसे गुटखा, तंबाकू आदि के सेवन करने से भी हो सकता है। अगर व्यक्ति स्मोकिंग करना छोड़ भी दे फिर भी काफी हद तक इसका खतरा बरकरार रहता है। बता दें लंग्स का कैंसर अमेरिका में मौत के प्रमुख कारणों में से एक है। आइए आपको बताते हैं इस कैंसर के बारे में विस्तार से...



लंग्स कैंसर के लक्षण

लंबे वक्त तक खांसी का रहना

छाती में दर्द

सांस लेने में कठिनाई

खाँसी में खून आना

हर समय बहुत थकान महसूस करना

बिना किसी कारण के वजन कम होना

भूख न लगना

आवाज का बैठना

सिर में दर्द

हड्डियों में दर्द रहना

लंग्स कैंसर के कारण

स्मोकिंग

अगर आप सिगरेट पीते हैं और जितने सालों से आप स्मोक कर रहे हैं, उससे लंग्स के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। किसी भी उम्र में इसे छोड़ने से लंग्स के कैंसर का खतरा काफी कम हो सकता है।

सेकंडहैंड स्मोकिंग

भले ही आप स्मोकिंग नहीं करते हों, लेकिन अगर आप स्मोकिंग के संपर्क में आते हैं, तो भी लंग्स कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

रेडिएशन थैरेपी का इतिहास

यदि आपने किसी अन्य प्रकार के कैंसर के लिए छाती पर रेडिएशन थैरेपी ली है, तो आपको लंग्स का कैंसर होने का खतरा बढ़ सकता है।

रेडॉन गैस के संपर्क में आना

मिट्टी, चट्टान और पानी में यूरेनियम के प्राकृतिक रूप से टूटने पर उत्पन्न हुआ रेडॉन आपके द्वारा सांस लेने वाली हवा का हिस्सा बन जाता है। रेडॉन का असुरक्षित स्तर घरों सहित किसी भी इमारत में जमा हो सकता है।

पारिवारिक इतिहास

जिन लोगों के घर में मां- बाप, भाई-बहन या परिवार के किसी अन्य सदस्य को लंग्स का कैंसर है, तो उनमें इस बीमारी का खतरा बढ़ जाता है।

नोट- लंग कैंसर के ज्यादा जोखिम वाले लोगों को हर साल सीटी स्कैन कराने की सलाह दी जाती है। ऊपर बताए कोई भी लक्षण दिखने पर एक्सपर्ट से संपर्क करें।

## इस तरह से खाया सेब तो फायदे की जगह हो सकता है नुकसान

सेब एक ऐसा फल है जो ढेरों पोषक तत्वों से भरपूर माना जाता है। इसमें ड्राइट्री फाइबर, पौटेशियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, विटामिन-सी, बी6, विटामिन-ई, विटामिन-के, प्रोटीन, कार्ब्स और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं। सेब एसिडिक भी होता है इसका पीएच लेवल 3 व 3.5 तक हो सकता है। हालांकि यह नींबू के मुकाबले कम एसिडिक होता है परंतु सेब का सेवन बाकी फूड्स की तरह नहीं किया जा सकता। सेब में मैलिक और एस्कॉर्बिक एसिड होते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, सेब को खाते हुए कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। आइए जानते हैं।

खाली पेट न करें सेवन

जिन लोगों को पेट से जुड़ी समस्याएं है उन्हें खाली पेट सेब का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके अलावा खाना खाने के करीब 2 घंटे के बाद ही सेब का सेवन करना चाहिए।

बढ़ सकता है वजन

यदि आप जरुरत से ज्यादा सेब का सेवन करते हैं तो आपका वजन भी बढ़ सकता है क्योंकि सेब में कैलोरी और शुगर काफी मात्रा में मौजूद होता है ऐसे में ज्यादा मात्रा में इसका सेवन करने से शरीर में फैट की मात्रा बढ़ जाती है।

ब्लड शुगर

जरुरत से ज्यादा सेब का सेवन ब्लड शुगर के मरीजों के लिए भी हानिकारक हो सकता है। सेब में कार्बोहाइड्रेट्स, फाइबर और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये कार्बोहाइड्रेट्स शरीर में ऊर्जा के लिए इस्तेमाल होते है। ऐसे में ज्यादा मात्रा में इसका सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है।

दांतों हो सकते हैं खराब

सेब में एसिड पाया जाता है ऐसे में यह दांतों को भी खराब कर सकता है। इसलिए जरुरत से ज्यादा सेब का सेवन न करें।

डेयरी प्रोडक्ट्स के साथ

कुछ लोग सेब का सेवन डेयरी प्रोडक्ट्स के साथ करते हैं लेकिन ऐसा न करें।

क्योंकि सेब में साइट्रिक एसिड पाया जाता है जो दूध में पाए जाने वाले लैक्टिक एसिड के साथ मिलकर रिएक्शन कर सकते हैं। इसके कारण आपको पचेगा भी नहीं। बाजार में मिलने वाला एप्पल शेक भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है इसका आंतों की परत पर साइड इफेक्ट हो सकता है। दूध प्रोडक्ट्स के साथ सेब का सेवन करने से त्वचा संबंधी समस्याएं जैसे सोरायसिस, एक्जिमा और कुछ स्किन रोग हो सकते हैं।